अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 26°C
तापमान

सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60

सोना 1,02,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 14 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 293 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे: ट्रम्प**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**भारतीय हेड कोच गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## फिल्म 'ठग लाइफ' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है। कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

## हाईकोर्ट ने फिल्म ठग लाइफ के निर्माताओं से मांगा जवाब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे कन्नड़ साहित्य परिषद के उस आवेदन पर अपना पक्ष रखें, जिसमें राज्य में फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने फिल्म के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें फिल्म के ऑडियो लॉन्च के दौरान अभिनेता की कन्नड़ भाषा के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के बाद कर्नाटक में इसकी रिलीज पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

### न्यूक्लियर ठिकानों तक पहुंची इजरायल-ईरान संघर्ष की आंच


# इजरायल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने उड़ाए

## भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली।** इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। उधर भारत ने इजरायल और ईरान के बीच बीती रात के घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और दोनों पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि हम ईरान और इजरायल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बहुत चिंतित हैं।

हमले के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजरायली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजरायल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इजरायल सेना ने कहा कि यह 'प्री-एम्पटिव स्ट्राइक' थी। यानी खतरे को भांपकर इजरायल ने हमला किया, ताकि ईरान कोई बड़ी कार्रवाई न कर सके। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि आगे और भी ऐसे कई हमले हो सकते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान चोरी-छिपे परमाणु हथियार बना रहा था। यह हमारे देश के लिए खतरा था।

### दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की भी हुई मौत



### ईरान का पलटवार, 100 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन से हमला, बैलिस्टिक मिसाइलें भी तैयार

**तेलअवीव।** मिडिल ईस्ट एक बार फिर से सुलग उठा है। इजरायल की तरफ से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए भीषण हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। यह हमला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ जिसे ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के ठिकानों पर स्ट्राइक की, जिसमें ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया। अब सवाल है कि क्या यह युद्ध आगे बढ़ेगा अगर ऐसा हुआ, तो मिडिल ईस्ट में सिर्फ तबाही दिखेगी।

### भारत ने ईरान-इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इज़रायल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# ब्लैकबॉक्स व वॉइस रिकॉर्डर मिले

## पूर्व सीएम रूपाणी के शव की नहीं हुई पहचान, डीएनए टेस्ट जारी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो

**अहमदाबाद विमान हादसा**

(एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एयर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान होते -शेष पृष्ठ दो पर

### एयर इंडिया ने की 241 लोगों की मौत की पुष्टि

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर-787 विमान की दुर्घटना में उसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है। एकमात्र जीवित यात्री विश्वास कुमार रमेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विमान में 230 यात्री तथा दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। बारह साल पुराना बोइंग 787-8 विमान 1338 बजे अहमदाबाद से रवाना हुआ था। कंपनी ने कहा कि हमें यह बताते हुए खेद है कि विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है।



### बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव के अतिरिक्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद- गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस बी 787-8/9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का निर्देश देता है, जो 15 जून से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा कि विमान रखरखाव एवं उड़ान पूर्व ड्रिल के तहत ईंधन -शेष पृष्ठ दो पर

## 10 मिनट के सड़क जाम ने बचाई भूमि चौहान की जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ 10 मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गई और उसकी जान बच गई।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आई थी। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अंकलेश्वर से अहमदाबाद आ रही थी, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गई लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उसे हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे



अंदर नहीं जाने दिया गया। उसने ऑनलाइन चेकइन किया था, लेकिन उससे कहा गया कि वह देरी से पहुंची है, इमिग्रेशन फॉर्म भरने का समय समाप्त हो गया है और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भूमि ने कहा कि उसने काफी आग्रह किया और कहा कि यदि उसकी यह उड़ान छूट गई तो उसकी नौकरी भी जा सकती है, लेकिन उसे जाने नहीं दिया गया।

## विमान दुर्घटना को लेकर अपमानजनक पोस्ट: अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की शिकार केरल के पथनमथिट्टा निवासी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य सरकार ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वेल्लारीकुंडु तालुक के उप तहसीलदार ए. पवित्रन को विमान दुर्घटना में मारी गई रंजीता जी नायर की आलोचना करने वाली फेसबुक पोस्ट करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ने घृणित कृत्य किया है। फेसबुक पोस्ट मेरे ध्यान में आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि केरल की 38 वर्षीय नर्स रंजीता जी नायर गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना की पीड़ितों में से एक थीं। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पीड़िता रंजीता जी नायर के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए पुल्लाड के लिए रवाना हुई।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने पर चीन को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने पर चीन के सहयोग की सराहना की है और सीमा पार नदियों के प्रवाह के डेटा और सीधी विमान सेवा बहाल करने के बारे में प्रगति पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की जो 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने इस वर्ष 27 जनवरी को बीजिग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में

■ **विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की**

विकास की समीक्षा की और जन-केंद्रित कार्यक्रमों पर प्राथमिकता के साथ संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने के लिए सीमा पार नदियों में सहयोग के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अप्रैल 2025 की बैठक में चर्चा का उल्लेख किया और उन पर प्रगति की उम्मीद की।

## विजय रूपाणी के परिजनों से मिले मोदी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरुवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गए थे।

श्री रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गए। बाद में उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## बम की अफवाह के बाद AI विमान की आपात लैंडिंग

**बैंकॉक, वार्ता**

**थाईलैंड के** रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला।

### एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

# यूपी-एमपी सहित नौ राज्यों में हीटवेव

## राजस्थान व हरियाणा में रेड अलर्ट, तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में

■ **तेलंगाना में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना**

तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।



## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या के आरोप में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के आरोप में शुक्रवार को दो निहंगों को गिरफ्तार किया। कमल कौर बुधवार को बठिंडा-चंडीगढ़ राजमार्ग पर भुच्चो कलां में आदेश विश्वविद्यालय के बाहर खड़ी अपनी कार में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि हत्या के आरोप में जसप्रीत सिंह और निमरतजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरोन की तलाश जारी है, जो फरार है। एसएसपी ने कहा कि कंचन की गला घोंटकर हत्या की गई।

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश, बोइंग-787 की यात्री का बड़ा दावा

**अहमदाबाद/मुंबई, वार्ता**

अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है, उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाब. न कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है।

हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के एसी और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेन के मुताबिक लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन 11 जून की रात 10 बजे लंदन से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एआई-172 से रवाना हुई थीं। यह प्लेन 12 जून की सुबह करीब 12 बजे अहमदाबाद पहुंचा था। फिर दोपहर 1.38 बजे यही प्लेन एआई-171 के तौर पर अहमदाबाद

**■ खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी, हादसे के डेढ़ घंटे पहले उसी फ्लाइट में लंदन से आई थी**

से लंदन जाते सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग से टकराकर क्रैश हो गया, जिसमें 265 लोगों की मौत हो गई। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से एआई-172 से 12 जून को दोपहर 12 बजे अहमदाबाद पहुंची थीं। यात्री बोली- पुरानी बस की तरह फ्लाइट से आवाज आ रही थी हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई, तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस की तरह आवाज आती है। हिनाबेन प्लेन क्रैश की खबर सुनने के बाद से सदमे में हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं इससे पहले अपने बेटे और पति के साथ अहमदाबाद-इजिप्ट की फ्लाइट से लंदन गई थी। उ उन्होंने बताया कि लंदन से अहमदाबाद आते समय मुझ पर तीन बुजुर्गों की जिम्मेदारी थी। उनके परिवारों ने मुझे प्लेन में बुजुर्गों का ध्यान रखने को कहा था। उनके पास फोन भी नहीं थे। एक मुस्लिम महिला भी थी, जिसका हाथ पकड़कर मैंने उन्हें प्लेन के अंदर बैठाया था। अहमदाबाद पहुंचकर मैंने तीनों के परिवारों को बताया कि वे ठीक से पहुंच गए हैं। हादसे से थोड़ी देर पहले सिविल अस्पताल से होकर गुजरी थी, हिनाबेन ने आगे कहा कि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मेरे पति मुझे सूरत से लेने आए। मैं उनके साथ सूरत के लिए निकली थी।

### अहमदाबाद अस्पताल में अपनों को तलाश रहे लोग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचा है। मारे गए 241 लोगों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। 5 मृतक मेडिकल हॉस्टल के हैं विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डाक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर है। सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है। अब तक 265 शवों के पोस्टमार्टम किए जा चुके हैं।

**■ ट्रामा सेंटर और पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी लाइनें, अब तक 265 शवों का पोस्टमार्टम हुआ**

# भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक

## मंगोलियाई सेना के साथ अभ्यास पर बोले रक्षा सचिव

**नई दिल्ली, वार्ता**



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है।

सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास भारत और मंगोलिया के बीच मित्रता, आपसी विश्वास तथा साझा सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी सूत्र का प्रमाण है। यह सार्थक सैन्य सहयोग के एक मंच के रूप में कार्य करता है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए भारत की अटूट प्रतिबधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संयुक्त पहलों में भारतीय सेना का योगदान न केवल परिचालन तत्परता को बढ़ाता है, बल्कि वैश्विक शांति प्रयासों में एक जिम्मेदार हितधारक के रूप में भारत की भूमिका को भी मजबूत करता है। रक्षा सचिव शनिवार को बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट 2025 के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

इस अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी भी भाग ले रही है। अभ्यास खान क्वेस्ट 28 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और खान क्वेस्ट का आयोजन भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मंगोलिया के साथ इसकी साझेदारी के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना मामलों की संख्या घटकर 7131 हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गई। आज सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नए सक्रिय सामने आए और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। गुरुवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7154 तक पहुंच गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिका. रियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक लगभग 10,976 लोग इस वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

### बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाने से किया इन्कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में बाइक टैक्सी संचालकों को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें राज्य भर में बाइक टैक्सी सेवाओं पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की पीठ ने न्यायमूर्ति बी श्याम प्रसाद के गत दो अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली ओला का संचालन और उबर द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई की जिसमें छह सप्ताह के भीतर सभी बाइक टैक्सी संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने तर्क दिया कि सरकार के इस तरह के संचालन की अनुमति न देने के घोषित नीतिगत निर्णय से इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। पीठ ने कहा कि वह 24 जून को मामले की गुण-दोष के आधार पर सुनवाई करेगी।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के दावों के निपटान में मिलेगी राहत: एलआईसी

**मुंबई, वार्ता**

सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कल अहमदाबाद में एयर इंडिया के एआई 171 विमान के दुर्घटना के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि एलआईसी प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबध है तथा वित्तीय राहत प्रदान करने के वास्ते दावों के निपटान में तेजी लाई जाएगी।

एलआईसी ने यहां जारी एक बयान में विमान दुर्घटना में लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उसने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है और कहा है कि पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र के स्थान पर, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी अभिलेखों में कोई भी साक्ष्य या केंद्र/राज्य सरकार/ एयरलाइन प्राधिकरणों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए तथा प्रभावित परिवारों को दावों का शीघ्र निपटान किया जाए और आगे की सहायता के लिए दावेदार निकटतम शाखा/विभाग/ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं। दावेदार कॉल सेंटर -022 68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

LIC

**■ एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की**

## ईरान पर इजरायल के हमलों पर वैश्विक चुप्पी की उमर-महबूबा ने की आलोचना

# संघर्ष बढ़ा, तो पश्चिम एशिया में पड़ेगा प्रभाव

**श्रीनगर, वार्ता**





जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायल के हमले पर विश्व की बड़ी शक्तियों की 'चुप्पी' की आलोचना की और इसे 'दोहरे मानदंडों' का खतरनाक प्रदर्शन बताया।

उमर ने यहां संवाददाताओं से जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने इसे एक पूर्व-प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है। उन्होंने कहा कि आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं। लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं। अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो यह तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में निश्चित रूप से संघर्ष बढ़ेगा और इसका लोगों पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा।

उमर ने कहा कि यह (ईरान-इजरायल संघर्ष) निश्चित रूप से बढ़ेगा और इसका हम पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा। इसका हमारे ईंधन की कीमतों पर असर पड़ेगा। इसका हमारे शेयर बाजार पर असर पड़ेगा। इसका पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ेगा। इससे भी अधिक इसका लोगों की भावनाओं पर असर पड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय से ईरान में पढ़ने वाले कश्मीरी विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर परमाणु स्थलों सहित एक बड़ा हमला किया, जिसमें कई शीर्ष हस्तियां मारी गईं। सुश्री महबूबा ने कहा कि ईरान पर इजरायल का हमला एक और एक देश द्वारा किया गया बेशर्मी भरा कृत्य है, जो दुष्टता की ओर अग्रसर है। उन्होंने एक्स पर कहा कि वैश्विक समुदाय, खासकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों की चुप्पी चिंता. जनक और भयावह दोनों है। यह चुप्पी मौन स्वीकृति के बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मामले में अमेरिका यह दावा करने में कभी नहीं चूकता कि तनाव को बढ़ने से रोकने में उसका हस्तक्षेप महत्वपूर्ण रहा है। फिर जब बात गाजा पर इजरायल की लगातार बमबारी या ईरान पर उसके हालिया हमले की आती है, तो वही तत्परता स्पष्ट रूप से गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि ये स्पष्ट दोहरे मापदंड वैश्विक शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। समान रूप से परेशान करने वाली बात तथाकथित मुस्लिम देशों की बहरी चुप्पी है, जो इस तरह के गंभीर अन्याय के सामने बेशर्मी से अस्तित्वहीन बने हुए हैं।

### अनुच्छेद 370 के बाद सामान्य स्थिति का दावा एक मिथक: मीरवाइज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति की कहानी एक 'मिथक' है। फारूक ने दावा किया कि दमनकारी उपाय मजबूती से लागू हैं और प्रदेश के लोगों के लिए कोई राजनीतिक या प्रशासनिक स्थान उपलब्ध नहीं है। पुराने श्रीनगर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से पूछा कि ईदगाह मैदान और श्रीनगर में जामिया मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज की अनुमति क्यों नहीं दी गई। गौरतलब है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था के प्रभारी हैं। जामिया में ईद की नमाज की अनुमति नहीं देने के फैसले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मीरवाइज ने कहा कि हम ईद के बाद पहली बार मिल रहे हैं, जब हमें ईदगाह या जामा मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने की अनुमति नहीं थी। दोनों जगहों पर तालाबंदी कर दी गई और मुझे घर में नज़रबंद कर दिया गया।

## अर्थ व्यापार

# ईरान-इजराइल तनाव से सहमा बाजार

**मुंबई, वार्ता**



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक का गोता लगाकर 81,118.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.60 अंक की गिरावट लेकर 24718.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.32 प्रतिशक लुढ़ककर 45,681.28 अंक और स्मॉलकैप 0. 30 प्रतिशत टूटकर 53,370.29 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों में से 2469 में बिकवाली जबकि 1516 में लिवाली हुई, वहीं 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2964 कंपनियों के शेयरों में से 1824 में गिरावट जबकि 1059 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और रियल्टी की 0.13 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.58, सीडी 0. 40, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0. 94, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.09, दूरसंचार 0.67, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.33, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 49, धातु 0.81, तेल एवं गैस 0.57, पावर 0.75, टेक 0.08, सर्विसेज 2. 06 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 42, जर्मनी का डैक्स 1.49, जापान का निक्केई 0.89, हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.75 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1264 अंक का गोता लगाकर 80,427.81 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 80,354. 59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर बाद 81,238.68 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को पुंछ जिले में रिश्वत लेने के मामले में एक राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि एसीबी को पटवारी मोहम्मद जमील द्वारा रिश्वत मांगने शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता को गांव धरा में स्थित जमीन के खसरा गिरदावरी की सत्यापित प्रतियों यानी राजस्व रिकॉर्ड की जरूरत थी। इसके लिए उसने 26 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन जमील उसी की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें रही महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि उठाव बढ़ने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 सेंट की तेजी के साथ 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट रही। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1620 और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में चुनिदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ब्लैक बॉक्स...** ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार (आज) अमेरिका से लौटेगा। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके एंड एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

**बोइंग 787...** पैरामीटर निगरानी और संबंधित प्रणाली जांच का निरीक्षण, केबिन एयर कंप्रेशर और संबंधित प्रणालियों का निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्ट्यूएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली की जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा उड़ान भरने के मापदंडों की समीक्षा करने, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाना चाहिए। दो सप्ताह के भीतर बिजली आश्वासन जांच की जानी चाहिए तथा बी 787-8/9 विमानों पर पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार होने वाली खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि उपर्युक्त जांच की पूरी रिपोर्ट समीक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय को प्रस्तुत की जानी है।

**विजय रूपाणी...** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। श्री मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा कि श्री विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रूपाणी ने हर भूमिका में अपने काम से अपनी पहचान बनाई। श्री मोदी ने लिखा कि राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। जब विजयभाई गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

# यूपीपीसीएल व विद्युत कर्मचारी आमने-सामने, करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 42 जिलों का निजीकरण किए जाने की प्रक्रिया को और तेज कर दी है।

यूपीपीसीएल के कदम बढ़ाने के साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। एक तरफ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नियामक आयोग से निजीकरण के आरएफपी बिडिंग डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष को कोई अभिमत देने का नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि पता चला है कि विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविन्द कुमार से पॉवर कारपा. ेरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध ढंग से नियुक्त किए गए। नियामक आयोग की संस्तुति लेने के मामले पर एक घंटे से अधिक बातचीत की है। संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थार्टन के बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कारपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए।विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के पद पर रहते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ छह अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

**■ नियामक आयोग का कोरम अधूरा, नहीं दे सकते निजीकरण पर अभिमत**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाबा केदार के दर्शन करने वाले यात्रियों का आंकड़ा 10 लाख के पार



■ इस बार की यात्रा तोड़ रही सभी पुराने रिकॉर्ड ■ चार धामों में सबसे अधिक यात्री पहुंच रहे केदार धाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मात्र 42 दिन कि केदारनाथ यात्रा में 10 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। मौसम कि तमाम दुशवारियों और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भी केदारनाथ धाम कि यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा है। जिला प्रशासन की ओर से भी यात्रियों को हर सुविधा देने के सफल प्रयास किये जा रहे हैं।

2 मई को आम भक्तों के लिए बाबा केदार के कपाट खुले थे। तब से लेकर अब तक 10 लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दरबार में माथा टेककर एक नया रिकॉर्ड बना चुके हैं। हर रोज हजारों कि संख्या में भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। धाम में पहली बार टोकन सिस्टम के जरिये दर्शन करने कि पहल कि गयी थी। प्रशासन का यह प्रयास बेहद सफल रहा और धाम पहुंच रहे हर यात्री को बहुत कम समय में मन्दिर के गर्भ गृह में जाकर दर्शन हो रहे हैं। भक्तों की भीड़ को देखकर मन्दिर भी दिन रात खुला हुआ है। ऐसे में हर भक्त को बाबा केदार के दर्शन सुगमता से हो रहे हैं। कठिन चढ़ाई होने के बावजूद भी सबसे अधिक यात्री केदार धाम पहुंच रहे हैं। अभी चार माह की यात्रा बची हुई है, जबकी अब कांवड़ यात्रा भी चलनी है। ऐसे में पुरानी यात्रा के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त होंगे। प्रशासन की ओर से भी धाम पहुंच रहे यात्रियों को पैदल मार्ग सहित अन्य स्थानों पर बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## मौसम खराब, अलर्ट पर प्रशासन

**रुद्रप्रयाग।** दो दिनों से केदारनाथ धाम सहित सम्पूर्ण जनपद में मौसम खराब है। रूक-रूककर लगातार बारिश जारी है। ऐसे में प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुये पैदल मार्ग के ग्लेश्यिर प्वाइंट और डेंजर जोनों पर सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। ग्लेश्यिर प्वाइंट पर घोड़े-खच्चरों की एक-एक करके आवाजाही करवाई जा रही है, जिससे पैदल चलने वाले यात्रियों को कोई भी परेशानी न हो। सीतापुर से लेकर केदारनाथ धाम तक जगह-जगह एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस, वाईएमएफ, पीआरडी और होमगार्ड के जवान यात्रियों की सुरक्षा में तैनात किये गये हैं। शुक्रवार को भी केदारनाथ धाम में मौसम खराब रहा। घंटों तक हेलीकाप्टर सेवाएं भी बाधित रही।

# हाईवे के डेंजर जोनों पर पीआरडी व पुलिस जवान तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बरसात के मौसम में यात्रियों को सफर करने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिये हाईवे के डेंजर जोनों पर पीआरडी और पुलिस के जवान तैनात किये गये हैं। यह जवान दोनों छोरों से एक-एक करके वाहनों की सुरक्षित आवाजाही करवा रहे हैं। बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़, नरकोटा सहित केदारनाथ हाईवे पर काकड़ागाड़, डोलिया देवी के अलावा अन्य स्थानों पर सुरक्षा जवान तैनात किये गये हैं। बरसात में हाईवे की पहाड़ी से भूस्खलन होने की दिशा में जेसीबी और पोकलैंड मशीन भी तैनात की गई हैं, जिससे हाईवे को शीघ्र यातायात के लिये खोला जा सके।



### हाईवे बंद होने पर ट्रैफिक व्यवस्था डायवर्ट

रुद्रप्रयाग। बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ में बरसात होने पर पहाड़ी से बोल्डर गिरते हैं। ऐसे में छोटे वाहनों के लिये खांखरा-छांतीखाल मोटरमार्ग पर वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। केदारनाथ हाईवे पर काकड़ागाड़ में पहाड़ी से गिर रहे बोल्डरों के कारण छोटे वाहनों को काकड़ागाड़-लमगौंड़ी और बांसबाड़ा-बसुकेदार मोटरमार्ग पर डायवर्ट किया जा रहा है।

### यात्रियों को ठंड से बचाने के लिये अलावा सहित अन्य व्यवस्था

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में लगातार हो रही बारिश के कारण यात्रियों को दर्शन करने में कोई परेशानी ना हो, इसके लिये प्रशासन ने धाम में अतिरिक्त रेन सेल्टर भी लगाये गये हैं। साथ ही यात्री बारिश व ठंड से बचने के लिये आस्था पथ का सहारा भी ले रहे हैं। धाम में यात्रियों के लिये गर्म पानी की निशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी चिकित्सालयों में हीटर व धाम सहित पैदल मार्ग पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

### बरिश पर भक्तों की आस्था भारी

रुद्रप्रयाग। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण हेली सेवाएं अधिक समय तक बंद हैं। ऐसे में भक्त पैदल यात्रा मार्ग से बाबा केदार के दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। सुबह के समय भीषण ठंड में ही भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिये लाइन में लग रहे हैं।



## मुख्यमंत्री से मिलीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने विजया किशोर रहाटकर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल भी उपस्थित थी।

# हेली टिकट के नाम पर कालाबाजारी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के नाम पर हेली टिकटों की कालाबाजारी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता हिमांशु राय अग्रवाल निवासी भोपाल ने थाना गुप्तकाशी में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें दूसरे के नाम का फर्जी आधार कार्ड, जिसमें इनके फोटो लगे थे तथा टिकट दिलाते हुए उनसे 2 टिकटों के 50 हजार लेकर इन्हीं टिकटों और आधार कार्ड से यात्रा करने के लिये कहा गया, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने कालाबाजारी, बेईमानी, जालसाजी सम्बन्धी तथ्यों के आधार पर विगत 18 मई को थाना गुप्तकाशी में



■ दो आरोपियों को पुलिस पहले ही ले चुकी है हिरासत में

मुकदमा दर्ज करते हुये विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान 2 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया गया था और अन्य संदिग्धों की गहन पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रभावी साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करने के उपरान्त सुरागरसी, पतारसी कर आकाश शर्मा पुत्र नाथीराम शर्मा निवासी गागलहेड़ी दीनापुर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके द्वारा पूछताछ में बताया गया है कि उसके द्वारा मैखण्डा, फाटा में मां सरस्वती होटल 6 माह के लिए लीज पर लिया हुआ है तथा उसके द्वारा होटल में आने वाले यात्रियों को हेलीकाप्टर टिकट भी उपलब्ध कराने का झांसा दिलाया जाता था और फिर कस्टमर होटल में लाये जाते हैं, जिसके बाद मनमाफिक पैसा देने वाले यात्रियों को टिकट दिये जाते हैं।

# महिला हेल्प डेस्क व हेल्प लाइन कर्मियों को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण: रहाटकर

■ डीजीपी ने कहा, महिला सम्मान की रक्षा में उत्तराखण्ड पुलिस सदैव प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड दीपम सेठ सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और समन्वित प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, कुसुम कण्डवाल, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, ए.पी. अंशुमान, समस्त पुलिस महानिरीक्षकगण, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे। दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गयी। सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्ति की। पुलिस अधीक्षक, पी/एम, एवं महिला सुरक्षा ममता वोहरा द्वारा अध्यक्षा को एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर उठाए गए प्रमुख कदमों, नवाचारों, जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियानों, हेल्पलाइन सेवाओं, महिला प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली तथा पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## 15 जून को आयोजित होगा 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आयुष विभाग एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० जीसीएस जंगपांगी के निर्देशों के क्रम में 15 जून को देहरादून में "रन फॉर योगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ० डीसी पसबोला ने जानकारी देते हुए बताया कि रन फॉर योगा के माध्यम से 21 जून को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए जनसामान्य को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी ने रूट प्लान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि रन फॉर योगा कार्यक्रम का प्रारम्भ गांधी पार्क, देहराद. ून से और समापन एमकेपी कॉलेज, देहरादून में किया जाएगा।

# पॉलीहाउस निर्माण के कार्य को प्राथमिकता पर किया जाए: जोशी

■ कृषि मंत्री ने क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस में सब्जी एवं फूलों की खेती योजना की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नाबार्ड योजना के तहत छोटे पॉलीहाउसों की स्थापना में गति लायी जाए और जिन कृषकों द्वारा कृषकांश की धनराशि जमा करा दी गयी है, उनके प्रक्षेत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर पॉलीहाउसों की स्थापना करायी जाय।

शुक्रवारको देहरादून के न्यू कैंट स्थित शासकीय आवास में प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग की और से संचालित नाबार्ड की आरआईडीएफ योजनान्तर्गत क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस में सब्जी एवं फूलों की खेती योजना की समीक्षा की। बैठक में कृषि सचिव डा एसएन पाण्डे, और महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे। कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नाबार्ड योजना के तहत छोटे पॉलीहाउसों की स्थापना में गति लायी जाए और जिन कृषकों द्वारा कृषकांश की धनराशि जमा करा दी गयी है, उनके प्रक्षेत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर पॉलीहाउसों की स्थापना करायी जाय। उन्होंने इस बावत कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश जारी करने को कहा। मीडिया को जारी बयान में कृषि मंत्री ने बताया कि राजकीय उद्यान चौबटिया में उद्यान संबंधी शोध कार्यों के लिए सात विशेषज्ञों की नियुक्ति की जा चुकी है।

# पंचायत चुनाव अभी तिथि निर्धारित नहीं: आयोग

■ राज्य निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया की खबरों को बताया भ्रामक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उत्तराखंड में पंचायत चुनावों को लेकर अभी तिथियां निर्धारित नहीं हैं और ना ही आयोग ने ऐसा कोई कार्यक्रम जारी किया है।

आयोग ने सोशल मीडिया पर प्रचारित की जा रही पंचायत चुनावों की तारीखों की खबरों का भ्रामक बताकर खंडन किया है। आयोग ने कहा है कि सोशल मीडिया पर पंचायत निर्वाचन तिथियों के सम्बन्ध में यह एक पत्र वायरल हो रहा है, जो पूर्णत: भ्रामक है। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रभारी संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी निर्वाचन-2025 के लिए विभिन्न सोशल मीडिया में निर्वाचन कार्यक्रम प्रसारित हो रहा है। इस संबंध में आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनावों का निर्वाचन कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है न ही आयोग स्तर पर ऐसा कोई प्रस्ताव है।

## ऑनलाइन चुनाव प्रक्रिया के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 में एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति किये जाने, निर्वाचनों के परिणामों को ऑनलाइन प्रदर्शित किये जाने, मतदाता सूची सॉफ्टवेयर, मतपत्र एवं मतपेटी प्रबंधन, मतदाता सूची प्रबन्धन एवं निर्वाचन प्रपत्र, मतदान किट, रूट चार्ट, टेंट बैरिकेटिंग, पंचायत निर्वाचन अधिनियम, नियम, मतदान, मतगणना, निर्वाचन व्यय सीमा, कार्मिकों का प्रशिक्षण इत्यादि आवश्यक व्यवस्था के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों एवं राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र, देहरादून के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार 13 जून से राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड निर्वाचन भवन में गढ़वाल मण्डल के 06 जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय एवं त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 हेतु नियुक्त प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) को प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन एवं प्रबंधन पर भी चर्चा की गई एवं वर्तमान में प्रचलित उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016, सम्बन्धित नियमावलियों एवं प्रावधानों पर भी प्रशिक्षित किया गया।

# इस वर्ष विशेष सहायता में उत्तराखंड को मिलेंगे 615 करोड़

■ भारत सरकार द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें: वर्धन ■ अपनी विकास की जरुरत के हिसाब से खर्च कर सकेगी राज्य सरकार

## मुख्य सचिव के विशेष फंड को समुचित विकास में उपयोग के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें ताकि इसके अंतर्गत विकास कार्यों के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि का राज्य के हित में समुचित उपयोग किया जा सके।

नियोजन विभाग ने अवगत कराया कि इस वित्त वर्ष राज्य को अनटाइड फंड से 615 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त होगी जबकि अन्य धनराशि की प्राप्ति विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित सुधारात्मक कार्यों की प्रगति पर निर्भर रहेगी। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में पूंजीगत निवेश हेतु राज्य को विशेष सहायता के लिए योजना स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025- 26 की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में स्कीम की टाइड और अनटाइड दोनों तरह के मद से संचालित विकास कार्यों पर व्यापक चर्चा की गई।

उन्होंने खनन, परिवहन, शहरी विकास, आवास, वित्त, परिवहन, राजस्व, कृषि विभाग इत्यादि विभागों को एक सप्ताह में विशेष सहायता स्कीम के कार्यों का रोड मैप और कार्य योजना विद टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य अधिक महत्व के हैं तथा जो कार्य शीघ्रता से पूरे किए जा सकते हैं ऐसे कार्यों को प्राथमिकता से लेना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन विभागों ने स्कीम के तहत विकास कार्यों को पूरा कर लिया है वे तत्काल उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने खनन सेक्टर के रिफॉर्म के लिए खनन विभाग को निर्देशित किया कि माइनर मिनरल्स पॉलिसी निर्माण, दुर्लभ और परमाणु संयंत्र के लिए उपयोगी खनिज के सर्वे, स्टार रेटिंग सिस्टम तथा माइनर मिनरल्स ब्लॉक के ऑक्शन इत्यादि में तेजी से अग्रिम कार्रवाई करें। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु व आर मीनाक्षी सुंद. रम, सचिव डॉ रंजीत कुमार सिन्हा, शैलेश बगौली, रविनाथ रमन, पंकज कुमार पांडेय, डॉ आर राजेश कुमार, डॉ एस एन पांडेय व दीपक कुमार, अपर सचिव स्वाति भदोरिया, एमडी उत्तराखंड जल विद्युत निगम संदीप सिंघल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षकों के स्थानांतरण-प्रमोशन दोनों होंगे: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों को वार्षिक स्थानांतरण का लाभ दिया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके साथ ही शिक्षकों की पदोन्नति के प्रकरण को भी विभागीय स्तर पर सुलझाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं ताकि लम्बे समय से प्रोमोशन का इन्तजार कर रहे शिक्षकों को इसका लाभ दिया जा सके।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों के प्रमोशन एवं वार्षिक स्थानांतरण को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। सरकार की मंशा जल्द से जल्द सभी पात्र शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ देना है। उन्होंने बताया कि हाल ही में शिक्षकों के प्रमोशन और वार्षिक स्थानांतरण को लेकर उनकी अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन सहित प्रमुख सचिव न्याय, सचिव कार्मिक, सचिव वित्त और विभागीय आलाधिकारी उपस्थित रहे।



■ विभागीय अधिकारियों को दिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में शिक्षकों के पदोन्नति व स्थानांतरण संबंधी सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसमें सहायक अध्यापक (एलटी) से प्रवक्ता तथा सहायक अध्यापक (एलटी) व प्रवक्ता से हेडमास्टर के पदों पर पदोन्नति के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

# मुख्यमंत्रीं ने विमान हादसे में मरने वालों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उन्होंने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शो. काकुल परिजनों के प्रति अपनी संवे. दनाएं भी व्यक्ति की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवे. दनाएं इस दु:ख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है।

# भाजपा परिवार ने दी अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

■ पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित की गई शोक सभा, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित अनेक दायित्व धारी व पदाधिकारी रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस संदर्भ में बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी



दुष्यंत कुमार गौतम और प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करते हुए अपनी मौन श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देते हुए दुष्यंत कुमार गौतम से कहा, जब से अहमदाबाद से लंदन जाने वाले विमान क्रैश हुआ, तब से देश में शोक की लहर व्याप्त है। देश ही नहीं विश्व के भी लोगों ने उसमें जान गंवाई है, उससे चारो और शोकाकुल वातावरण है। अपनी हवाई यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, आज एयरपोर्ट में यात्री तो थे लेकिन वह चहल-पहल और आपसी चर्चा नहीं दिखाई जो अमूमन नजर आती थी। कल के दुखद हादसे में हमने जिनको भी खोया, उनका सामाजिक आर्थिक व्यवहारिक योगदान महत्वपूर्ण था। भाजपा परिवार ने भी इस दुर्घटना में अपने बहुत ही वरिष्ठ नेता एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को खोया है। हम सभी के परिवार के लिए यह घटना बहुत दुखद है। दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और जिन परिवारों को क्षति या नुकसान हुआ है, उनको दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट के संचालन में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, मुकेश कोली, प्रदेश कार्यालय सचिव कस्तूभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, कैलाश पंत, विश्वास डाबर, विनय रुहेला, सुभाष बड़थ्वाल, कुंवर जपेंदर सिंह, श्रीमती विनोद उनियाल, मधु भट्ट, नेहा जोशी, आदित्य चौहान, अजयेंद्र अजेय समेत बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यह ऐसी क्षति, जिसकी कल्पना नहीं की गई :महेंद्र भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने अपनी संवेदना में कहा कि कल का घटनाक्रम बहुत ही दुखद है जिसमें 265 व्यक्ति अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए। ये ऐसी क्षति है जिसकी जिसकी कल्पना नहीं की गई थी, भारत के नागरिकों के साथ-साथ अनेक देशों के नागरिक की भी इसमें क्षति हुई है। इतनी बड़ी घटना में दुख व्यक्त करने के प्रत्येक शब्द कमतर है। लिहाजा हम सभी परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि सभी को अपने श्री चरणों में स्थान दे और पीड़ित परिवारों को इस असीम दुख सहने का सामर्थ्य प्रदान करें। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के नाते हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है। पार्टी ने अपने सभी कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया है और आज देश की तरह प्रदेश में भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही है।

### देश और दुनिया इस हादसे से दुखी: डॉ निशंक

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक नेश्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, पूरा देश और दुनिया इस हृदय विदारक घटना को लेकर बहुत दुख एवं शोक में है। हम सब लोग और देवभूमि उत्तराखंड के नागरिक, ऐसे सभी पुण्य आत्माओं की सुख शांति के लिए प्रार्थना करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को खोया है। साथ ही उनके परिवार के लोगों को भी पीड़ा सहने का सामर्थ्य प्रदान करने की कामना की।

# आपदा उपकरणों को समय पर चेक कर लें

## अपराध समीक्षा बैठक में मातहतों को एसएसपी ने निर्देशित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने बरसात के दिनों में आपदा की आशंका के मद्देनजर तैयार रहने पर जोर दिया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण समेत कैंचीधाम मेले के दृष्टिगत यातायात प्लान बनाने के निर्देश दिए। एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब बरसात में आपदा को लेकर भी पुलिस सचेत रहे। आपदा उपकरणों को चैक कर तैयारी हालत में रखा जाए। आपदा के समय किसी को भी आवश्यकता पड़े तो पुलिस शीघ्र मदद को पहुंचे। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने




उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। थाना सल्ट क्षेत्र से कुल 76.495 किलो अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान देने वाले थाना सल्ट में नियुक्त अपर उपनिरीक्षक लोमेश कुमार व थाना भतरौजखान क्षेत्र से कुल 84.075 किलो अवैध गांजा बरामद करने वाले कांस्टेबल नीरज पाल को ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 24 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यहां एएसपी हरबंस सिंह, सीओ सदर गोपाल दत्त जोशी, जिला होमगार्ड कमाण्डेंट नितिन काकरवाल, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएओ नरेन्द्र कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत अशोक धनकड़, निरीक्षक जानकी भंडारी, दरबान सिंह मेहता, महेश चन्द्र, मदन मोहन जोशी, देवेन्द्र सिंह नेगी, सुशील कुमार, भुवन जोशी प्रभारी, सुनील सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, कश्मीर सिंह, राहुल राठी, जसविन्दर सिंह, विजय नेगी, वंश नारायण यादव, कुमकुम धानिक, सुमन, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## बारिश से तापमान में आई गिरावट

**अल्मोड़ा।** बीते कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को आखिरकार राहत मिली। जिले में शुक्रवार को झमाझम बारिश होने से तापमान गिरा और गर्मी से राहत मिली। वहीं, किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान लौटी है। अल्मोड़ा में बीते कुछ दिनों से आसमान में बादलों को जमावड़ा लग रहा था। लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इससे गर्मी के साथ उमस बढ़ रही थी। शुक्रवार को झमाझम बारिश होने से बाजार पहुंचे लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों में शरण लेनी पड़ी। कई लोग बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए। वहीं, बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश ने किसानों को भी खुशी का मौका दिया है। किसान भी रोपाई और बागवानी के लिए बारिश का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उन्हें मौसम का साथ मिला तो उनके चेहरे पर मुस्कान लौटी। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक नजर

### पानी के लिए ग्रामीणों को करनी पड़ी जद्दोजहद

**अल्मोड़ा।** गर्मी के मौसम में ग्रामीणों की पानी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को कफी जद्दोजहद करनी पड़ी। इससे ग्रामीणों में जल संस्थान के खिलाफ भी नाराजगी रही। गर्मी बढ़ने से जिले के कई गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान हैं। पानी की व्यवस्था करने में ही उनका पूरा दिन बीत रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि हर साल गर्मियों के मौसम में पानी आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे उन्हें दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं, लेकिन फिर भी इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। हालांकि जल संस्थान की ओर से सड़क किनारे स्थित गांवों में टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। शुक्रवार को विभाग ने नगरखान, केमू स्टेशन, ऐरोली, ज्यौली, महंतगांव, सकार, गुरुड़ाबांज, रैचना, मनिआगर, उडलगांव, डोबा, बल्टा, ताकुला आश्रम, लमगड़ा, हवालबाग आदि गांवों में टैकरों से पानी की आपूर्ति की गई। जिससे थोड़ा हद तक ग्रामीणों को पेयजल समस्या से निजात मिली।

### स्मैक तस्करी के दोषी को 20 दिन की सजा

**अल्मोड़ा।** स्मैक तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने फैसला सुनाया है। न्यायालय ने आरोपी पर दोष सिद्ध करते हुए बीस दिन की कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि जुलाई 2024 में पुलिस ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे के क्वारब के पास चेकिंग अभियान के दौरान के संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका। तलाशी लेने पर आरोपी धारानौला अल्मोड़ा निवासी संतोष रावत के कब्जे से 5.22 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन करते हुए न्यायालय ने आरोपी की अब तक जेल में बताए 20 दिन को सजा बताया। साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### कृषि जागरूकता कार्यक्रमों का समापन

**पंतनगर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक टीम ने रुद्रपुर ब्लॉक के अजीतपुर, बरी और सतुसुईया गांवों में अंतिम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पंद्रह दिवसीय अभियान का सफल समापन किया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, जलवायु अनुकूल फसलों और जैविक खेती के लाभों से जोड़कर टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम में डा. बीडी सिंह ने मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहित किया, जबकि डा. अजय प्रभाकर ने जैविक खेती की तकनीक और फायदे बताए। डा. अर्पिता शर्मा ने महिला किसानों की डिजिटल सहभागिता पर बल दिया। डा. स्वाति ने उन्नत बीजों की जानकारी साझा की और डा. मीना अग्निहोत्री ने सस्ते जैविक कीट नियंत्रण के उपाय बताए।

### डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**काशीपुर।** उत्तराखंड कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि आज महानगर कांग्रेस कार्यालय एनडी तिवारी एससी गुड़िया कांग्रेस नव चेतना भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने की जिसमें पंचायत चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में डॉ. इंदिरा हृदयेश के जीवन, उनके संघर्ष, और उत्तराखंड राज्य के निर्माण एवं विकास में उनके बहुमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मनोज जोशी एडवोकेट, अरुण चौहान, संदीप सहगल एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, राजेश शर्मा एडवोकेट, जितेन्द्र सरस्वती, पार्षद अब्दुल कादिर, हनीफ अंसारी गुड्डू, मंसूर अली मंसूरी, अनीस अंसारी, वसीम सिद्दीकी समेत अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### योग दिवस रामलीला ग्राउंड में 21 को

**काशीपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी योग साधक भाई बहनों एवं आम जनता को अवगत कराया जाता है कि 21 जून को रामलीला ग्राउंड में प्रात 6 बजे से 8 बजे तक 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग का एक विशाल आयोजन होगा। जनता से अपील है कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेकर प्रत्येक वर्ष होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाकर सामान्य मानव को अपने जीवन में योग को उतारने का संदेश दें। स्वस्थ भारत समृद्ध भारत कार्यक्रम में आप सह परिवार पहुंचे। आपकी गरिमा में उपस्थित देश और समाज के लिए सादर प्रार्थनीय होगी। यह जानकारी डॉ. आरसी शर्मा जिला संयोजक भारत स्वाभिमान उधम सिंह नगर पश्चिम ओमजी ने प्रेस को दी।

### 1500 किसानों को मिला धान का उच्च गुणवत्ता वाला बीज

**काशीपुर।** उत्तराखंड किसानों के सशक्तिकरण और कृषि विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त सौजन्य से काशीपुर क्षेत्र के 1500 अनुसूचित जाति के किसानों को उन्नत किस्मों के धान के बीज वितरित किए गए। यह बीज वितरण गांव गंगापुर, गढ़ीनेगी, लालपुर, नवलपुर, सन्यासियोंवाला बरखेड़ा पांडे, मालधन गांधीनगर, देवीपुरा, बाबरखेड़ा सहित 14 से अधिक गांवों में किया जा रहा है। इन गांवों के अनुसूचित जाति के किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। यह वितरण वैज्ञानिक प्रधान संदीप लाल के प्रयास से किसानों को मिला किसानों ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें गेहूं, धान का बीज इसी परियोजना के अंतर्गत मिला था, जिसकी गुणवत्ता बेहतरीन रही। किसानों ने वैज्ञानिक प्रधान संदीप लाल, गौतम नायक का आभार व्यक्त किया।

## व्यक्ति से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** घर जा रहे एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। ग्राम मानपुर फिरोजपुर निवासी केशर सिंह रावत पुत्र स्व. भरत सिंह रावत ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 11 जून की रात्रि करीब 8 बजे वह अपने निवास कौशाम्बी कालोनी मानपुर रोड जा रहा था तभी कालोनी के गेट के पास विकास बूढ़ाकोटी पुत्र प्रकाश चन्द्र बूढ़ाकोटी निकट उजाला अस्पताल, मानपुर रोड एवं निहान सिंह, गुरप्रीत सिंह उर्फ सोढ़ी एवं अन्य व्यक्तियों ने एक राय होकर उस पर हमला करते हुए बुरी तरह से मारा पीटा, शोर होने पर राहगीरों व उसकी पत्नी के आने पर उक्त लोग उसे अधमरा कर वहां से भाग गये। साथ ही विकास बूढाकोटी ने उसे धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना जब उसके भाई द्वारा 112 पर पुलिस को दी ता पुलिस तो आई नहीं परंतु उसके मानपुर फिरोजपुर वाले निवास पर विकास व उसके साथी उसे डराने धमकाने व तमंचे लहराते हुए दहशत फैलाने की नियत से कारों से चक्कर मारते रहे तथा कई दिनों से उक्त लोग उसे व उसके परिवार को खत्म कराने के लिएफोन पर व रास्ते चलते धमका रहे हैं। उसने बताया कि इस बावत जब उसने पूर्व में पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित किये थे तो कोई कार्यवाही न होने पर उनके हौसले बुलंद है। उसने पुलिस ने उक्त लोगों से अपनी जान माल का खतरा व परिवार के साथ कोई अनहोनी का शक जाहिर किया है। पुलिस ने तहरीर क आधार पर तीन लोगों को नामजद करते हुए अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## कैंचीधाम मेले के लिए डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कैंचीधाम में मेले को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। एक तरफ जहां जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं मेले को लेकर पुलिस ने यातायात डावर्जन प्लान जारी किया है। डावर्जन प्लान 14 जून की सुबह सात बजे से 16 जून को रात 10 बजे तक लागू रहेगा। शुक्रवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने रूट प्लान की जानकारी देते हुए बताया कि बेरीनाग-सेराघाट की ओर से हल्द्वानी को जाने वाले समस्त चौपहिया वाहन बाड़ेछीना तिराहा से दन्या, सुवाखान, छड़ौजा, शहरफाटक, धानाचूली, खुटानी होते हुए हल्द्वानी जाएगे। बागेश्वर-अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर जाने वाले चौपहिया वाहन बेस तिराहा अल्मोड़ा, करबला, धारानौला, सिकुड़ा बैण्ड, लमगड़ा, शहरफाटक, धानाचूली, खुटानी होते हुए या क्वारब, नथुवाखान, खुटानी बैण्ड से वाया भीमताल होते हुए हल्द्वानी अपने गंतव्य को निकलेंगे। जबकि रानीखेत से हल्द्वानी की ओर जाने वाले समस्त वाहन खैरना, क्वारब, नथुवाखान, खुटानी बैण्ड से वाया भीमताल होते जाएंगे। अल्मोड़ा से होते हुए कैंचीधाम दर्शन को जाने वाले श्रद्धालु के वाहन क्वारब होते हुए खैरना तक जाएगें। जहां पर सुव्यस्थित तरीके से पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम दर्शन को जाएगे। वहीं, पिथौरागढ़ क्षेत्र से हल्द्वानी जाने वाले वाहनों के लिये एनएच 09 घाट, चम्पावत, टनकपुर, सितारगंज, चोरगलिया से होते हुए और भतरौंजखान, सल्ट की ओर से रामनगर-दिल्ली को जाने वाले पर्यटक वाहन वाया बेतालघाट होते हुए रामनगर को जाएंगे।

## सीएम, स्वास्थ्य मंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रेखा

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं की मांग**

कत्यूरा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजा। गुरुवार को जनप्रतिनिधि तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी परितोष सिंह वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कालाढूंगी नगर की जनसंख्या लगभग 15 हजार है, और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इलाज के लिए यहीं आते हैं। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक डॉक्टर और उपकरण नहीं



होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ज्ञापन में कहा गया कि दुर्घटना या आपात स्थिति में मरीजों को हल्द्वानी रेफर करना पड़ता है, जिससे कई बार रास्ते में ही गंभीर मरीज दम तोड़ देते हैं। वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन, फिजीशियन, पैथोलॉजिस्ट और महिला चिकित्सक तक उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसी जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा के साथ सभासद नसीम जहां, सरवर अली, मेहमूद हसन बंजारा, मनोज अधिकारी, सईद अहमद, दुर्गा देवी, राकेश गोयल, मतलूब इलाही, वकील अहमद, जनक राज उप्पल, जाहिद हबीबी, शाकिर हुसैन, रंजीत कौर उर्फ रानी समेत दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी महानगर मंडल द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन बद्री केदार

**सेवा और सुशासन के 11 साल**

समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी और हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में काशीपुर महानगर मंडल के द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया गया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने



पहुंचे हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में हर जगह अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मोदी सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन काशीपुर में किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा जनहित में और गरीबों के हित में जो योजनाएं संचालित की जा रही है वह समाज के सबसे निचलै तबके तक पहुंचे। इस मौके पर महापौर दीपक बाली, क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व मेयर उषा चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू आदि भाजपा के लोग मौजूद थे।

## पिता ने पुलिस से लगाई पुत्र की सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुत्र की जान माल की सुरक्षा को लेकर पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक को नामजद करते हुए अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में संजय शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी दुर्गा कालोनी ने बताया कि उसके पुत्र वंश शर्मा के साथ बीती 30 अगस्त 2024 को कुछ लोगों ने बारदात की थी जिसकी रिपार्ट उसने दर्ज कराई थी। उक्त मामले में लिप्त व्यक्ति उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दते रहते थे और अक्सर उसके घर से आसपास घूमते रहते थे। अब अयान शेख निवासी जसपुर खुर्द इन्स्टाग्राम पर उसके पुत्र वंश की धमकी दे रहा है। बीती 3 जून 2025 को पड़ोस में रहने वाले लोगो ने बताया कि अयान शेख व उसके साथी उसके पुत्र की हत्या करने के लिए कह रहे थे और वंश की तलाश में है। बताया कि अयान शेख एक अपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उस पर कई अपराधिक मुकदमें भी चल रहे है। अयान शेख ने पूर्व में अनेको ऐसे वीडियो इन्स्टाग्राम पर डाले है जिनसे समाज में भय फैलता है जिसके चलते उसके पुत्र को जान माल का खतरा बना हुआ है। बीती 10 जून की रात्रि करीब 9 बजे जब वह गिरीताल से दुर्गा कालोनी रोड पर बाईक से जा रहे थे तभी अयान शेख व उसके साथियों ने दो बाईकों से उनका पीछा कर प्रणामी मंदिर के पास रोककर मारपीट व गाली-गलौच करते हुए धमकाया।

## युवती के अपहरण का प्रयास

**काशीपुर।** स्कूटी से अपने घर जा रही एक युवती को जबरन गाड़ी में बैठाकर अपहरण किये जाने के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी चालक पिछले एक सप्ताह से युवती का पीछा कर रहा था। पुलिस अब चालक की तलाश में जुटी है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में ग्राम पीपली नायक थाना टांडा बादली जिला रामपुर निवासी एकता काम्बोज पत्नी अनिल कुमार ने बतया कि वह यहां चीमा चौराहा स्थित एक क्लीनिक में नौकरी करती है। वह प्रतिदिन अपने घर से सुबह 9 बजे क्लीनिक आती है तथा रात्रि लगभग 8 बजे अपने घर वापस जाती है। उसने बताया कि पिछले एक सप्ताह से एक व्यक्ति अपनी फॉर्च्यूनर कार से उसका पीछा कर रहा था। बीती 6 जून की रात्रि 8 बजे जब वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में ग्राम धीमरखेड़ा के पास उक्त व्यक्ति पीछा करते हुए आया और स्कूटी के आगे अपनी गाड़ी रोककर उसका मोबाईल नंबर मांगने लगा। नंबर न देने से मरा करने पर वह चला गया उसके बाद भी वह उसका लगातार पीछा करता रहा। उसने बताया कि 11 जून को जब वह क्लीनिक से अपने घर जा रही थी तभी दढ़ियाल रोड पर परमानन्दपुर मोड़ पर करीब 8.30 बजे उक्त व्यक्ति ने फिर से उसकी स्कूटी के आगे अपनी गाड़ी रोककर गाड़ी में बैठने और जबरन खींचकर अपहरण करने का प्रयास किया। पीड़िता ने पुलिस से अपनी जान माल व इज्जत का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर गाड़ी चालक की तलाश शुरू की है।

## अमर शहीद स्थल का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों का अपमान कर रही भाजपा सरकार। कपकोट में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का शिलापट किनारे अमर शहीद

**स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही सरकार: हरीश ऐठानी**



स्मारक स्थल बनाया गया। पूर्व जिला पंचायत हरीश ऐठानी ने जानकारी देते कहा कि कपकोट ब्लॉक मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता संग्राम अमर जवान शहीद स्मारक स्थल का कार्यकर्ताओं के साथ जायजा लिया। जिसमें 1980 में बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट को किनारे कर नव निर्मित स्वतंत्रता संग्राम अमर जवान शहीद स्मारक स्थल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित शहीद स्थल में पूर्व के शिलापट में लिखें हुए नाम दर्ज नहीं किये गए हैं। उन्होंने भाजपा के नेताओं व सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग झूठ, लूट, फूट पर केंद्रित होकर कार्य कर रहे है। अब भाजपा पूर्व सैनिकों में भी फूट डालने का काम कर रही है। भारत सरकार ने 1980 में प्रत्येक विकासखंड में स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों के सम्मान में शहीद स्थल चयन कर शिलापट में उनका नाम अंकित किया था। कपकोट में उक्त शिलापट्ट को छुपा दिया गया है, जिसपर स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों के साथ उनके द्वारा आपत्ति दर्ज की गई हैं। सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नाम शिलापट्ट के केंद्र में लगाकर उन्हें सम्मानित करने की बात की है।

## बागेश्वर में खराब मौसम को लेकर अलर्ट, सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश

**बागेश्वर।** आगामी दिनों में संभावित बारिश और खराब मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने और जनसुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन, लोक निर्माण, विद्युत, जल संस्थान, स्वास्थ्य, राजस्व, नगर निकाय और पुलिस विभाग को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने को कहा है। जिलाधिकारी ने संवेदनशील और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, वैकल्पिक मार्ग तैयार रखने और राहत सामग्री व मशीनों को पहले से तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला आपदा नियंत्रण कक्ष 24-7 सक्रिय है, और किसी भी आपात स्थिति में आमजन तुरंत प्रशासन या कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत करने और जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## विवि के प्रयासों को राज्यपाल ने सराहा

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए कार्मिकों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय, डीएसबी परिसर में शुक्रवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संकायाध्यक्षों व निदेशकों के साथ बैठक में उन्होंने शोध, नवाचार और भविष्य की योजनाओं की प्रस्तुतियां देखीं तथा विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने को प्रेरित किया। राज्यपाल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने के लिए विशेष सेमिनार आयोजित करने के



निर्देश दिए। साथ ही उत्तराखंड में मशरूम, कीवी, शहद और अरोमा उत्पादों पर अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने नैनो साइंस और भूविज्ञान विभाग का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वेस्ट मैनेजमेंट पायलट प्रोजेक्ट हस्वयंभू और नैनो इनोवेशन लैब का निरीक्षण किया। भूविज्ञान विभाग में उन्होंने डायनासोर अंडे और हाथी के जीवाश्म जैसे दुर्लभ नमूनों को भी देखा। इस अवसर पर उतृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. सावित्री कैरा, डस. महेंद्र राणा, डस. लक्ष्मण सिंह रौतेला और श्री पंकज शामिल रहे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर 'विमर्श' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत, कुलसचिव डा. एमएस मंद्रवाल सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में योग शिविर प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा कोहली के निर्देशन में आयुर्वेद विभाग के द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों हेतु दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून उत्तराखंड के निदेशक डा. सौरभ तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, पुलिस लाइन आरआई सहित जिले के विभिन्न थानों से आए हुए पुलिस निरीक्षक, पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस के जवान तथा आयुर्वेद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान केवलानंद जोशी के द्वारा योग सत्र का संचालन करते हुए योग के कई आसनों की जानकारी दी। साथ ही सभी को योगाभ्यास करवाया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAEED से बदलकर SAEED AHMAD रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

SAEED AHMAD
S/o WAJEER AHMAD
ग्राम बैलजुड़ी, पोस्ट कुन्डा
जिला-उधम सिंह नगर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AMIT GUPTA से बदलकर AMIT KUMAR GUPTA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

AMIT KUMAR GUPTA
मौ० खत्रियान, वार्ड नं० 11
काशीपुर (उधम सिंह नगर)

**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR200ISGC025867
Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

पत्रांक 1830 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 11.06.2025

विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं जो विद्युत सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन / सरकार में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 'ए' श्रेणी, जी.एस.टी., आयकर, विभाग कर्मचारी भविष्य निधि, ई.एस.आई. में पंजीकृत एवं विद्युत/निविदा से सम्बंधित कार्यों का अनुभव (कार्य की लागत का 100 प्रतिशत) रखते हों, मुहरबन्द निविदायें (दो भागो में) आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निम्न तालिका में दर्शायी गयी निविदा मूल्य धनराशि (जी.एस.टी. सहित) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम देय हो, प्रस्तुत करने पर दिनांक 04/07/2025 13.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। यह राशि अप्रतिदेय (Non-refundable) होगी। निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त करने पर रु. 100/- प्रति निविदा अतिरिक्त जमा करने होंगे। डाक से प्रेषित निविदा प्रपत्र विलम्ब एवं अन्य किसी भी कारणों से न प्राप्त होने पर विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
निविदा के साथ प्रथम भाग मे वांछित प्रपत्र एवं प्रचलित वैध आयकर, वित्तीय क्षमता (तालिकानुसार टर्नओवर) सम्बंधित प्रपत्र विद्युत कार्य के सफलतापूर्वक निष्पादन सम्बंधित प्रपत्र (कार्य की लागत का न्यूनतम 100 प्रतिशत का प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) तथा धरोहर राशि का टी.डी.आर./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. (365 दिवस के लिये वैध) जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम बन्धक हो, (निविदा धरोहर राशि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिये) साथ लगाना अनिवार्य होगा। निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे दिनांक 05/07/2025 को 13.30 बजे तक स्वीकार की जायेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 05/07/2025 को 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी।
निविदा दो भागों में प्रेषित की जायेगी। भाग-1 के लिफाफे में धरोहर राशि के साथ अन्य वांछित समस्त प्रपत्र होंगे एवम् भाग-2 के लिफाफे में मात्र सम्बंधित कार्यों की दरें होंगी। भाग-1 अपूर्ण होने की स्थिति मे भाग-2 का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। निविदा के भाग-2 में दी गयी दरों की वैधता न्यूनतम छः माह तक होगी, काली सूची में न होने एवं दस्तावेज सत्य व सही होने का, तथा इस हेतु रु. 100.00 (रु. सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र एवं जी.सी.टी. नियमों की वचनबद्धता का प्रमाण निविदा के भाग-1 के साथ दिया जाना अनिवार्य होगा।
अधोहस्ताक्षरकर्ता को निम्नलिखित निविदाओं/निविदा बिना कोई कारण इंगित किये निरस्त/वापस लेने/संशोधित करने/अथवा विस्तारित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | पिछले तीन वित्तीय वर्ष का औसत टर्नओवर | धरोहर राशि | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 09/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान बरहैनी से पोषित 11 के.वी. मूल्तान पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 10000 | रू. 2.50 लाख मात्र |
| 10/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान मण्डी से पोषित 11 के.वी. पेप्सी/टाउन प्रथम पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9750 | रू. 2.43 लाख मात्र |
| 11/2025 26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान फौजी कालोनी से पोषित 11 के.वी. गोबरा/राजलक्ष्मी पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9900 | रू. 2.46 लाख मात्र |
| 12/2025 26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बरहैनी से पोषित 11 के.वी. बरहैनी/मुल्तान/भीकमपुरी पोषक के विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तकों एवं लाईनों का अनुरक्षण कार्य। | रू. 295 | रू. 15.0 लाख मात्र | 20000 | रू. 4.98 लाख मात्र |

राष्ट्रहित में बिजली बचायें। विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No. 1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।
'Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org' 'बिजली बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

# डा. इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

## चौथी पुण्यतिथि पर कांग्रेस की कद्दावर नेता का भावपूर्ण स्मरण, इंदिरा के जीवन काल के कामों को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपने राजनीतिक करियर में शहर की सरपरस्त की भूमिका में रहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व विधायक हल्द्वानी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. इंदिरा हृदयेश को चौथी पुण्यतिथि पर सौरभ होटल में श्रद्धांजलि देने के लिए न सिर्फ राजनीतिक हस्तियां उमड़ीं बल्कि आम जनता भी पहुंची। कांग्रेस-भाजपा के बड़े नेताओं के साथ व्यापारी संगठन के पदाधिका. रियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं व आम जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने स्व. इंदिरा के कार्यकाल को याद किया और उन्हें प्रदेश की महान नेता बताया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संसदीय कार्यों में उन्हें जो समझ थी उसके कायल विरोधी दल के नेता भी थे। वे केवल हल्द्वानी ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड को ऐसा विकास मॉडल देना चाहतीं थीं, जिससे यहां के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल आदि में सुविधाएं मिलें। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जबसे उत्तराखंड बना तब से ही डा. इंदिरा ने यहां विकास की गाथा लिखने की शुरूआत कर दी थी। अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने काम को लेकर अमिट छाप छोड़ी थी। पूर्व मंत्री प्रीतम सिंह ने कहा कि आम जनता यहां उमड़ी हुई है। इससे ही पता चलता है कि उनके प्रति लोगों का कितना स्नेह था। पूर्व मंत्री व विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि डा. इंदिरा नाम नहीं बल्कि एक सोच हैं। कांग्रेस ही नहीं भाजपा के लोग भी उनके विकास कार्यों से प्रभावित रहते थे। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस में जो आज नई उम्र के नेता हैं उन्होंने डा. इंदिरा से काफी कुछ सीखा है और हम सबका दायित्व है कि उनके दिखाए मार्गों पर चलें। डा. इंदिरा के बेटे व विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी में अंत. रराष्ट्रीय स्टेडियम, अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर, अंतर्राज्यीय बस अड्डा सब उनकी ही सोच थी। उनके जाने के बाद उनके विकास कार्यों को रोक दिया गया। उनके समय में हल्द्वानी की सड़कों को बाहरी राज्यों के लोग आकर देखते थे वह भी आश्चर्यचकित हो जाते थे। स्व. इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा के नेता भी काफी संख्या में पहुंचे। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने भी इंदिराजी को याद किया। उनके अलावा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत समेत शहर के तमाम भाजपा नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, किच्छा विधायक तिलक. राज बेहड़, जसपुर विधायक श्री चौहान, गोविंद कुंजवाल, खजान पांडे, जसविंदर सिंह भसीन, व्यापारी नेता विपिन गुप्ता, सुहेल सिद्दीकी, राधा आर्य, हेमंत साहू समेत हज़ारों की संख्या में लोग पहुंचते रहे।





# कैंचीधाम में सुरक्षे के पुख्ता इंतज़ामः आइजी

## पहली बार एटीएस और एसएसबी की तैनाती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल कैंची धाम में कल 15 जून को आयोजित होने वाले वार्षिक मेले को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा अभूतपूर्व तैयारियां की गई हैं।

इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ किया गया है। कुमायूं रेंज की पुलिस महा. निरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश जारी किए। इस वर्ष पहली बार आतंकवाद-निरोधक दस्ता और सशस्त्र सीमा बल को मेले की सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही पिथौरागढ़, चंपावत और बागेश्वर जनपदों के पुलिस अधीक्षकों, 3 कंपनी पीएसी और लगभग 800 पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। कैंची धाम में एटीएस की विशेष टीम को पहली बार तैनात किया गया है। यह टीम संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करेगी।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राज्य के परिदृश्य को देखते हुए एसएसबी के प्रशिक्षित जवान भी मेला स्थल व आसपास तैनात रहेंगे। ये जवान आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा निगरानी में सहायक होंगे। मेला क्षेत्र में हाई-रिज़ॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। एक नियंत्रण कक्ष से रियल-टाइम अपडेट के जरिए स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आइजी रिद्धिम अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए हर सूचना को गंभीरता से लें और किसी भी गति. विधि को सामान्य न मानें। उन्होंने कैंची धाम प्रबंधन के साथ समन्वय बनाकर यह भी निर्देशित किया कि इस वर्ष बाबा नीम करौली महाराज का प्रसाद 15 जून से 18 जून तक वितरित किया जाएगा।

## बागेश्वरः इंदिरा हृदयेश को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**बागेश्वर।** कांग्रेस जिला बागेश्वर पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष भगत डसीला के नेतृत्व में डा. स्व. इंदिरा हृदेश की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवनी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य हुए। उनके द्वारा किए गए कार्यों से अन्य राजनीतिक दलों व नेताओं को सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर गोकुल परिहार, लक्ष्मी धर्मशक्तू, राजेंद्र परिहार, राम आर्या, किशन गिरी गोस्वामी, चंदू आदि मौजूद थे।

# विमान हादसे पर दुख जताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया फ्लाइट की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। गुरुनानक मार्केट स्थित प्रदेश कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि ईश्वर शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, एडवोकेट पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, मदन मोहन तिवारी, प्रेम सिंह परिहार, भुवन तिवारी सहित कई अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार से ब्लैक फिल्म हटाई, पर्यटक का चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजस्थान से आए पर्यटकों को कार के शीशों पर काली फिल्म लगाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने काली फिल्म हटाकर वाहन स्वामी पर चालानी कार्रवाई की। जयपुर निवासी राजेश कुमार स्कॉर्पियो से नैनीताल घूमने आए थे। तल्लीताल पुलिस चौकी के पास वाहन रोककर फोटो खींचने लगे। ड्यूटी पर तैनात एएसआई सुनील कुमार ने वाहन हटाने को कहा, लेकिन पर्यटक ने अनसुना कर शीशे चढ़ा लिए। पुलिस ने जब काले शीशे देखे तो कार्रवाई करते हुए पर्यटक को बाहर बुलाया और फिल्म हटाने को कहा। पहले तो पर्यटकों ने विरोध किया, लेकिन सख्ती के बाद वे शांत हो गए। इसके बाद काली फिल्म हटाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया।

# सच्ची जननेत्री थीं माताजीः सुमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय डा. इंदिरा हृदयेश की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र विधायक सुमित हृदयेश ने राजपुरा स्थित गौशाला पहुँचकर गौसेवा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्व. डा. इंदिरा हृदयेश का जीवन करुणा, सेवा, सौहार्द और जनकल्याण को समर्पित रहा।

वे न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ थीं, बल्कि हर वर्ग, समुदाय और जीव मात्र के प्रति गहरी संवेदना रखने वाली सच्ची जननेत्री भी थीं। उन्होंने कहा आज उनकी पुण्यतिथि पर गौसेवा कर उन्हें श्रद्धांजलि देना मेरे लिए आत्मिक शांति और गौरव का विषय है। उनके आदर्श और सेवा भाव आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। गौशाला में विधायक के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गौशाला कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। सभी ने मिलकर गौसेवा की और स्व. डा. इंदिरा हृदयेश के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान परिसर में श्रद्धा और सादगी का माहौल रहा। उपस्थित जनों ने स्व. हृदयेश के सामाजिक और राजनीतिक जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



# अत्याधुनिक मशीन से सफल सर्जरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग में अत्याधुनिक आर्थोस्कोपी मशीन की मदद से एक और सफल सर्जरी की गई। हल्द्वानी निवासी 47 वर्षीय राकेश जायसवाल, जो एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, के घुटने की लिगामेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। प्रो. डा. गणेश सिंह के निर्देशन में अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. ईश्वर धर्मशक्तू ने दूरबीन विधि से यह ऑपरेशन किया। सर्जरी में टाइटेनियम बटन और फाइबर धागों से लिगामेंट को हड्डी से पुनः जोड़ा गया। यह तकनीक सामान्यतः निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च कराई जाती है, लेकिन एसटीएच में इसे बेहद कम लागत में पूरा किया गया। डा. ईश्वर ने बताया कि लिगामेंट की चोट से जोड़ अस्थिर हो जाते हैं, समय रहते उपचार जरूरी होता है। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट चुका है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने अस्थि रोग विभाग की सराहना करते हुए कहा कि एसटीएच गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सफल सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग सहित पूरी टीम का सहयोग सराहनीय रहा।

■एसटीएच के डॉक्टरों की टीम ने मरीज़ को फिट कर दिया



# साइबर ठग गिरोह का हुआ भंडाफोड़

## निर्माणाधीन होमस्टे के कमरों से संचालित हो रहा था ठगी का कारोबार, छह आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट और साइबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी से जुड़े एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, फर्जी दस्तावेज और बैंक खातों से जुड़ी सामग्री बरामद की गई है। एसएसी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि नैनीताल जिले के काठगोदाम थाना क्षेत्र के ग्राम बासुली, अमृतपुर में एक निर्माणाधीन होमस्टे के दो कमरों से साइबर ठगी की गतिविधियां संचालित हो रही थीं। स्थानीय युवकों द्वारा लैपटॉप और मोबाइल के जरिए देशभर में साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा था। इनका नेटवर्क व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप्स के माध्यम से साइबर अपराधियों से जुड़ा हुआ था और बैंक खातों में प्राप्त धन को नेट बैंकिंग और ओटीपी के जरिए अन्य खातों में ट्रांस्फर किया जाता था। छापेमारी के दौरान एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने मौके से 6 लैपटॉप, 23 महंगे मोबा. इल फोन, 17 सिम कार्ड, 9 बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, बारकोड स्कैनर, वाइफाई डिवाइस, एटीएम कार्ड और चेकबुक बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों में जतिन पांडे, कमल किशोर, हर्ष बोरा, कौशल किशोर उर्फ आशीष ठाकुर, प्रेम कुमार, और करन केवट शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह केंद्र सचिन मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था, जिससे पहली बार संपर्क टेलीग्राम ऐप के माध्यम से हुआ था। सचिन मित्तल और उसके सहयोगी प्रियांशु शर्मा ने अभियुक्तों को केंद्र में रुकने की पूरी व्यवस्था दी थी और उन्हें साइबर ठगी की ट्रेनिंग भी दी। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उन्हें विभिन्न फर्जी बैंक खातों की जानक. ारी मिलती थी, जिनका उपयोग ठगी की रकम जमा कराने में किया जाता था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन खातों से जुड़े मोबाइल नंबर स्पीड पोस्ट के जरिए एक अन्य व्यक्ति सौरभ तिवारी के पते पर भेजे जाते थे। इन मोबाइल नंबरों का प्रयोग ओटीपी और नेट बैंकिंग के लिए किया जाता था। एसटीएफ जांच में सामने आया कि गिरोह द्वारा उपयोग किए जा रहे बैंक खातों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों से साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कम से कम 12 शिकायतें दर्ज हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना काठगोदाम में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 61(2), 3(5) और आईटी अधिनियम की धारा 66(डी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह, एसआई अरुण कुमार, ब्रजभूषण गुरूरानी, एएसआई सतेन्द्र गंगोला, प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल सोनू पांडे, सुरेन्द्र सांमत, रविन्द्र सिंह, जगपाल सिंह, गोविन्द सिंह, कां. जितेन्द्र कुमार, गुरुवंत सिंह, तथा काठगोदाम थाना प्रभारी पंकज जोशी सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस गिरोह के मास्टरमाइंड सचिन मित्तल, प्रियांशु शर्मा और सौरभ तिवारी की तलाश कर रही है, जिनके विरुद्ध आगे की जांच जारी है।

# आयुर्वेदिक अस्पताल में योग शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर के तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।



राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्दूचौड़ के तत्वावधान में यहां आइटीबीपी कैंप में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन छह दर्जन से ज्यादा आईटीबीपी के जवानों ने योग प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डा. दीपक गिरी एवं डा. मीरा जोशी ने योग का महत्व एवं उसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि योग हमारी वैदिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है जो कालांतर में कुछ समय विलुप्त होने के बाद फिर से आज जन जागरण का एवं जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अहम हिस्सा बन चुका है इस अवसर पर आईटीबीपी के कमांडेंट हेमंत सिंह सब कमांडेंट फतेह सिंह समेत अनेकों आईटीबीपी के जवान भी मौजूद रहे। डा. मीरा जोशी ने बताया कि जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी के दिशा निर्देशन में योग को बढ़ावा देने के विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# खनन को कानून के दायरे में लाएंः डा. खान

## एनजीटी न्यायाधीश की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण पर उच्चस्तरीय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एनजीटी के न्यायाधीश डा. अफरोज अहमद ने शुक्रवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिला पर्यावरण समिति और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बताया और कहा कि सतत विकास के लिए इकोलॉजी और इकोनॉमी का संतुलन ज़रूरी है। उन्होंने खनन को कानून के दायरे में लाने, वैज्ञानिक पद्धति से खनन करने, झीलों व जलस्रोतों में सीवेज जाने से रोकने और अत्याधु. निक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के निर्देश दिए। नैनीताल झील के संरक्षण के लिए हाइड्रोबायोलॉजिकल सिस्टम लगाए जाने की आवश्यकता जताई।



एनजीटी न्यायाधीश ने सभी झीलों का सीमांकन (डीमार्केशन) सुनिश्चित करने और झील किनारे निर्माण रोकने को कहा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित कर निरंतर मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि रुद्रपुर ट्रंचिंग ग्राउंड से एक लाख टन कूड़े का निस्तारण हो चुका है और इसे ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि नैनीताल और हल्द्वानी में सीवरेज व्यवस्था मजबूत करने और ठोस अपशिष्ट निस्तारण पर कार्य हो रहा है। बैठक में वैज्ञानिकों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, सीडीओ अनामिका, डीएफओ सीएस जोशी, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, डा. सुधीर कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंचीधाम बाईपास की सारी आपत्तियां हुई दूरः अजय भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने बताया कि कैंचीधाम बाईपास की सभी आपत्तियां दूर हो गई हैं। 19 किलोमीटर के बाईपास में 8 किमी निर्माण कार्य पूर्व में पूरा हो चुका है और अवशेष 11 किलोमीटर का निर्माण कार्य होना है, जिसमें पहाड़ कटान की निविदा भी आमंत्रित कर दी गई है निर्माण कार्य की लागत 450 लाख है, जिसे तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में पहाड़ कटान एवं 70 मीटर सेतु निर्माण, द्वितीय चरण में दीवार कलमठ निर्माण, तृतीय चरण में डामरीकरण का कार्य होगा। जुलाई माह से कार्य प्रारंभ होकर 18 महीने में पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा श्री भट्ट ने कहा कि काठगोदाम से अमृतपुर बैंड तक का बाईपास का निर्माण कार्य के लिए पूर्व में वन भूमि हस्तांतरण प्रताव में नोडल कार्यालय वन संरक्षक देहरादून द्वारा क्षति पूरक वृक्षा रोपण हेतु आपत्ति लगाई गई थी, जिसके फलस्वरूप पुनः निरीक्षण करते हुए रामनगर के पास डी ग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड 7.8 हेक्टेयर क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है। जल्द ही इसका भी निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, उन्होंने कहा कि सरकार लगातार इन बाईपास के निर्माण के लिए प्रयासरत है। श्री भट्ट ने यह भी बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों को आने-जाने वाले वाहनों एवं पर्यटकों को इसी मार्ग से भेजते हुए हल्द्वानी काठगोदाम शहर की यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार किया जाएगा है। श्री भट्ट ने यह भी बताया कि काठगोदाम अमृतपुर बाईपास और कैंची धाम बाईपास दोनों अलग-अलग है।

# बैराज के मलबे में दवा था व्यापारी का शव

## धार्मिक पुस्तकों के विक्रेता ने आत्महत्या क्यों की, जांच करेगी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने दो घंटे के रेक्स्यू अभियान के दौरान गौलाबैराज में डूबे व्यापारी के शव को बरामद कर लिया। व्यापारी का शव गौला बैराज के गेट नंबर एक में मलवे में दबा हुआ था। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परि. जनों को सौंप दिया। बताया जा रहा कि मृतक व्यापारी का अपने भाई से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसके चलते वह पिछले काफी समय से परेशान चल रहा था। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को गौला बैराज में काम करने वाले कर्मचारियों को गौलाबैराज के पास एक काले रंग का बैग पडा हुआ मिला।




इसका सूचना उन्होंने काठगोदाम पुलिस को दी। सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी व मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ मौके पहुंचे और बैग की तलाशी ली तो उसमे महावीरगंज निवासी 50 वर्षीय धार्मिक पुस्तकों के व्यापारी मदन अग्रवाल के दस्तावेज मिले। जिसके बाद पुलिस घ्से उन दस्तावेजों से उनकी जानकारी जुटाई तो पता लगा की वह घर से कहीं निकले है। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को बताया की उनका बैग गौलाबैराज डाम के किनारे मिला है। परिजनों द्वारा आत्महत्या की आशंका जताई तो पुलिस ने आस पास के जंगलो के साथ बैराज में सर्च अभियान चलाया। लेकिन रात होने के कारण पुलिस ने शुक्रवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम के साथ रेक्स्यू अभियान शुरु किया। दो घंटे तक चले रेक्स्यू अभियान के दौरान पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बैराज के गेट नंबर एक से धार्मिक पुस्तकों के व्यापारी महावीरगंज निवासी मदन अग्रवाल के शव को बरामद कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक व्यापारी के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पूछताछ के दौरान परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक व्यापारी का अपने भाई से ज़मीनी विवाद चल रहा था। जिस कारण वह पिछले काफी समय से परेशान चल रहे। घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ।

# वेदों में वर्णित दिनचर्या बताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा शुक्रवार को सिद्धेश्वरी माता मंदिर, कलावती कालोनी में व्यापक जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा स्वच्छता, नदी संस्कृति, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और वैदिक जीवन पद्धति के प्रति जन-जागरण करना रहा। इस अवसर पर इतिहासकार डा. सर्वेश भारती ने उत्तराखंड की नदी सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना की वाहक हैं। वेदाचार्य केबी पाठक ने वेदों में वर्णित उत्तम दिनचर्या की विस्तार से व्याख्या की। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने गृहणियों व बच्चों को केंद्र में रखते हुए ताड़ासन, वज्रा. सन, भुजंगासन और अनुलोम-विलोम जैसे लाभकारी योगासनों का अभ्यास करवाया। प्राकृतिक चिकित्सक विमल पांडे ने दैनिक जीवन में सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक्यूप्रेशर पॉइंट्स का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश जोशी, डा. हिमानी, फिजियोथेरेपिस्ट नम्रता पांडे, कंचन पाठक, यशोधर नाथ सहित कई गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

■सिद्धेश्वरी माता मंदिर में जनजागरूकता शिविर



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विवेचना में कोताही बर्दाश्त नहीं: एडीजी

■ पुलिस अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंहनगर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा अपराध पर पूर्ण अंकुश लगाने के अपने संकल्प के तहत अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) डा. वी. मुरुगेशन रुद्रपुर पहुंचे। पुलिस कार्यालय, रुद्रपुर पहुंचने पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके उपरांत डॉ. वी. मुरुगेशन ने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में घटित अपराधों की स्थिति का गहन विश्लेषण करना और भविष्य की रणनीति तैयार करना था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और किसी भी स्तर पर विवेचना या विभागीय कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया, ताकि पुलिस पर आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

एडीजी ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों को सर्किलवार अपराधों की गहन समीक्षा की तथा उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विवेचनाओं का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

साक्ष्य संकलन को प्राथमिकता देते हुए विवेचनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके और न्याय सुनिश्चित हो। वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष रणनीति बनाने और उसे युद्धस्तर पर लागू करने का निर्देश दिया। बैठक में आईजी रिधिम अग्रवाल, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी क्राइम निहा. रिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसपी काशीपुर अभय सिंह सहित सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर बार एसो. ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अहमदाबाद विमान हादसे में 241 लोगों की मौत पर जिला बार एसोसिएशन ने शोक जताया। शुक्रवार को जिला बार सभागार में बार अध्यक्ष दिवाकर पांडेय की अध्यक्षता में एक आपात शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने कहा कि यह हादसा बेहद हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाला है। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घड़ी में समाज को एकजुट होकर संवेदना प्रकट करनी चाहिए। यह केवल बार एसोसिएशन ही नहीं, हम सभी का मानवीय कर्तव्य है कि हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हों। सभा में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# ध्यान आत्म साक्षात्कार की सफल कुंजी



■ खटीमा में योग शिविर का क्रम लगातार है जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान मे चलाए जा रहे कार्यक्रम के क्रम में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा की छात्रा सरोज चंद्र द्वारा आओ हम सब योग करें अभियान के तहत खटीमा में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बढ़-चढ़कर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इनके द्वारा विभिन्न आसन, गोमुखासन तथा सूर्य नमस्कार आदि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और लोगों को योगाभ्यास कराया गया।

इसके अलावा प्राणायाम के विविध वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा कर लोगों को प्राणायाम कराया गया। इस दौरान डॉक्टर नवीन भट्ट ने योग को अध्यात्म के साथ जोड़ते हुए अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग हमें शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर एक समग्र व्यक्तित्व व समग्र स्वास्थ्य प्रदान करता है। डॉक्टर धीरज बिनवाल ने योग के अंतरंग साधन, धारणा, ध्यान और समाधि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान आत्म साक्षात्कार की एक सफल कुंजी है।

इसके माध्यम से हम विचारों पर नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त भी किया जा सकता है। वहीं डॉक्टर मोनिका भैंसोड़ा ने समग्र स्वास्थ्य पर योग की भूमिका रखी।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने डा. इंदिरा हृदयेश को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया एवं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि इंदिरा हृदयेश अपने समय की प्रखर वक्ता, कुशल राजनीतिज्ञ तथा मिलनसार महिला थी। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में उत्तराखंड के विकास के लिए अहम योगदान दिया। मीना शर्मा ने कहा इंदिरा हृदयेश हम सबकी की अभिभावक की तरह व्यवहार करती थी और महिलाओं के लिए आइकन थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद में हुई कल दर्दनाक विमान दुर्घटना पर मृतकों के लिए शोक संवेदना व्यक्त की एवं कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देकर शांति की कामना की।

इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, नगर महिला उपाध्यक्ष मीना शर्मा, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, योगेश चौहान, बाबु विश्वकर्मा, नंद किशोर, छात्रपाल, दिनेश मौर्य, उमा सरकार, ओमप्रकाश, जमील, नवीन खेतवाल, अनुज दीक्षित, नरेश सागर, अब्बार, लकी, जमुना कोली, मुकेश कोली, निसार खान, महेश कोली, संजीव राठौर आदि मौजूद रहे।

### वांछित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** न्यायालय से वांछित तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी सिमरन सिंह उर्फ सिमर पुत्र सुच्चा सिंह निवासी बिचई, फुम्मन सिंह पुत्र सरजीत सिंह निवासी बिचई तथा मलकीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी बिचई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### चोरी गई बाइक बरामद कर आरोपी को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** गुरुद्वारा लंगर गेट से अज्ञात द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को चलान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवकली सलमता निवासी जसबीर कौर पत्नी दिवान सिंह की नौ जून 2025 को गुरुद्वारा लंगर गेट से मोटरसाइकिल संख्या UK06D2682 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया था तथा मामले की विवेचना उप निरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई। खोजबीन करने में जुटी पुलिस टीम ने चोरी गई मोटरसाइकिल के साथ आरोपी शेर सिंह उर्फ शेरी पुत्र गुरदीप सिंह निवासी जोगीठेर नगला को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष उमेश कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक मनोज जोशी, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार सिपाही धनराज, महेन्द्र सिंह, नीरज नेगी शामिल हैं।

### अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पंजाबी कॉलोनी वार्ड नंबर 14 निवासी विजय गुप्ता पुत्र महेंद्र गुप्ता ने खटीमा कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ एक तहरीर सौंप कर उनकी दुकान में हुई चोरी के मामले में कार्यवाही की मांग की है।

तहरीर में उन्होंने कहा है कि दो जून 2025 को उनकी दुकान का ताला तोड़कर दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा, गल्ले में रखी 8000 की नगदी, कैपिटल सिगरेट के 40 बंडल तथा गुटके सहित अन्य सामान अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। घटना के बाद दुकान में सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पाया गया। वहीं पीड़ित के तहरीर के आधार पर कोतवाली खटीमा में एफआईआर संख्या 180/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग कर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### योग शिविर में किया गया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन व नमामि गंगे के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं कार्यक्रम के क्रम में आओ हम सब योग करें के तहत मेलाघाट रोड राजीव नगर बग्गा कॉलोनी में योग शिविर का आयोजन किया गया। पीजीडीवाई की छात्रा मंजू ने शिविर में योग के बारे में जानकारी दिया। वहीं लगातार चल रहे योग शिविर का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा। शिविर में मंजू ने योग आसनों के आसनों पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुरासन, और सर्वांगासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, हस्त उत्तानासन, और अश्व संचालनासन आदि के बारे में जानक. री देकर योगाभ्यास कराया। इसके साथ ही प्राणायाम आहार विहार एवं जीवन शैली में योग के अनुसार महत्व पर भी चर्चा की गई। पीजीडीवाई की छात्रा मंजू ने विभिन्न महत्वपूर्ण योगासनों के करने के तरीकों, उनकी मुद्राओं तथा योगासनों से होने वाले विभिन्न प्रकार के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को प्रेरित व जागरूक किया।

### भाजपा नेता शिशुपाल ने की पूर्व कैबिनेट मंत्री आत्माराम से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** दिल्ली गुजरात भवन में गुजरात के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री आत्माराम से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने कई गणमान्य लोगों के साथ मुलाकात की।

भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि उनसे सामाजिक और राजनीतिक मामले पर चर्चा हुई।इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार से भी मुलाकात हुई। उनसे उत्तराखंड संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।इस दौरान गुरु रविदास पीठ के राष्ट्रीय महासचिव सुरजीत सिंह, कृष्णपाल,नीतू त्यागी, गढ़वाल कुमाऊं विकास समिति के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष राकेश नेगी आदि मौजूद रहे।रामनगर। दिल्ली गुजरात भवन में गुजरात के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री आत्माराम से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने कई गणमान्य लोगों के साथ मुलाकात की।भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि उनसे सामा. जिक और राजनीतिक मामले पर चर्चा हुई।इस दौरान गुरु रविदास पीठ के राष्ट्रीय महासचिव सुरजीत सिंह, कृष्णपाल,नीतू त्यागी, गढ़वाल कुमाऊं विकास समिति के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष राकेश नेगी आदि मौजूद रहे।

# आबादी के हिसाब से की जाए सफाई कर्मचारियों की भर्ती: मकवाना

■ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर नगर निगम में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को नगर निगम सभागार में उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने नगर निगम और दूसरे विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सफाई कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं, सरकारी योजनाओं और उनके भविष्य को लेकर कई ज़रूरी बातें की गई। मकवाना ने कहा कि नगर निकायों में हर 10 हजार की आबादी पर 28 सफाई कर्मचारियों की तैनाती होनी चाहिए। इसके लिए बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लाकर नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ठेके पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को पीएफ और ईएसआई जैसे लाभ जरूर दिए जाएं।

मकवाना ने कहा कि जिन सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, उनके परिवारों को नौकरी देने में संवे. दनशीलता बरती जाए और सबसे जरूरतमंद परिवार को ही प्राथमिकता दी जाए। सीवर और सैप्टी टैंक में काम करने वाले कर्मचारियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें सरकारी पुनर्वास योजनाओं का लाभ मिल सके। मकवाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए बहुद्देशीय शि. विर लगाने को कहा, जहां लोगों को आयुष्मान और गोल्डन कार्ड भी बनाए जा सकें। बैठक में उन्होंने मेयर से रुद्रपुर शहर में महर्षि वाल्मीकि चौक बनवाने की भी बात कही। साथ ही सभी सफाई कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। मेयर विकास शर्मा कहा कि स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री का सपना है और इसे सफल बनाने में सफाई कर्मचारी सबसे अहम भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीयूष रंजन, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, एलडीएम शिखा नौटियाल, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध सहित निगम और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं यशपाल राजहंस, सुनील गौतकी, विनोद घाघर, यशपाल राजन, मुकेश रजौरी, राजीव रजौरी, नितिन चारण, विक्रम आदि मौजूद रहे।

# रामनगर में मिला सड़ा गला अज्ञात व्यक्ति का शव



■ इलाके में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग ग्राम चिलकिया पावर हाउस के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव पड़े होने की सूचना आसपास से गुजर रहे लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किये।लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि बरामद शव करीब 5 से 6 दिन पुराना है और उसके चेहरा पूरी तरह गल गया है जिस कारण शिनाख्त होने में काफी दिक्कतें आ रही है उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस द्वारा इस अज्ञात शव पंचायत नामा भरने के साथ ही शिनाख्त के प्रयास कराए जा रहे हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है।

उन्होंने बताया कि शव को सरक. री अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।72 घंटे बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

# रामनगर में धनगढ़ी नाला उफान पर

■ नेशनल हाईवे 309 पर यातायात ठप

■ कॉर्बेट सफारी जाने वाले पर्यटक फंसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों लगातार हो रही मूसलधार बारिश के चलते कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 309 बाधित हो गया है।

हाईवे पर स्थित धनगढ़ी नाला उफान पर आ गया, जिससे नाले के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। यह वही मार्ग है जो कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला पर्यटन जोन तक जाता है।

लिहाजा यहां सफारी पर जाने वाले कई पर्यटक भी बीच रास्ते में फंस गए।



धनगढ़ी का यह बरसाती नाला हर साल बारिश के समय पर उफान पर आ जाता है।

शुक्रवार सुबह से ही हो रही तेज बारिश के बाद जैसे ही नाले में पानी का बहाव तेज हुआ, वहां से गुजर रहे वाहन रुक गए,प्रशासन को ओर से एहतियातन लोगों को नाला पार न करने की सलाह दी गई।इस बारिश के कारण न केवल स्थानीय लोग बल्कि सैकड़ों की संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है,लगातार हो रही बारिश के कारण पानी का स्तर अभी भी खतरे के निशान पर रहा।जिससे हालात और बिगड़ने की आशंका बनी रही। प्रशासन, वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और उन्होंने पानी कम होने पर वाहनों को अपने गंतव्य पर जाने दिया। वहीं एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि बारिश को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रामनगर में बारिश से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# आर्य ने किया ठोठूपुरा में बने मार्ग का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा के ग्राम ठोठूपुरा में 17 लाख 36 हजार की लागत से बनाए गए मार्ग का लोकार्पण किया। लोकार्पण के दौरान समस्त ग्राम वासियों ने विकास पुरुष कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष आर्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने ग्राम वासियों द्वारा दी गई समस्या गुरुद्वारा सौंदर्यीकरण, सीसी मार्ग और अन्य समस्याओं का समाधान किया। यशपाल आर्य ने श्रमिक नेता वीरेंद्र सिंह के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। आर्य ने ग्राम सभा बेरिया दौलत में आनंद की माता के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया। वहीं बेरिया दौलत में निर्मल सिंह के आवास पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। बाजपुर कैंप कार्यालय में आर्य ने विभिन्न ग्राम सभाओं से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, सुरेंद्र सिंह, सुरेश, श्याम सुंदर, प्रताप सिंह संधू, जगदीश सिंह, अवतार सिंह, भगवान सिंह, सुल्तान अहमद, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 16 जून को होगी विकसित भारत संकल्प सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा मंडल की बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में 16 जून को होने वाली विकसित भारत संकल्प सभा को सफल बनाने की योजना पर विचार विमर्श किया गया।

मंडल अध्यक्ष महेश राणा ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास हुआ है जबकि कांग्रेस की सरकार आए दिन घोटाले और भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक सभागार में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से सभी पार्टी कार्यकर्ता आम जनमानस को 11 वर्षों की विकसित यात्रा के बारे में बताया जाएगा।

# पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी मामले का मास्टर माइंड दबोचा

■ पेटीएम खाते से की थी 54, 999 रुपये की अवैध निकासी

■ पुलिस से बचने के लिए लगातार बदल रहा था ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने साईबर सेल की मदद से साइबर धोखाधड़ी के अंतराराज्यीय रैकेट के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि रुद्रपुर कोतवाली में दर्ज एक बड़े साइबर धोखाधड़ी के मामले के मुख्य वांछित अभियुक्त शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी 29 मई 2025 को पंजीकृत उस धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी है, जिसमें हरबंस लाल, निवासी शांति कॉलोनी, रुद्रपुर के पेटीएम खाते से 54,999 रुपये की अवैध निकासी की गई थी। इस राशि को देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित बैंकों के खातों में स्थानांतरित किया गया था, जिससे इस अपराध के अंतरराज्यीय स्वरूप का खुलासा हुआ था।



एसएसपी ने बताया कि इस मामले में रुद्रपुर पुलिस ने पहले ही छह शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें प्रशांत कुमार, विजय कुमार, आकाश कुमार, मोहित कुमार, विशाल कुमार और अंकुर कुमार शामिल थे, जो सभी बरेली, उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से संबंधित थे। इन गिरफ्तारियों के बाद भी, शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान सहित तीन अन्य अभियुक्त फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी।

एसएसपी ने बताया फरार अभियुक्त शैलेंद्र की तलाश में जुटी कोतवाली रुद्रपुर और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अत्याधुनिक तकनीकी सहायता का सहारा लिया। अभियुक्त के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहनता से पड़ताल की गई। इंस्टाग्राम पर उसकी प्रोफाइल मिलने के बाद, विवेचना टीम ने पिछले सात वर्षों की सभी पोस्ट्स का बारीकी से विश्लेषण किया। इस विश्लेषण ने ही अभियुक्त के ग्वालियर, मध्य प्रदेश से गहरे जुड़ाव को उजागर किया। परिवार वालों से पूछताछ में पता चला कि शातिर अभियुक्त अपने अन्य साथियों की गिरफ्तारी के बाद से ही घर से फरार हो गया था, शायद इस डर से कि वे पुलिस को उसके बारे में जानकारी न दे दें। हालांकि, रुद्रपुर पुलिस ने हार नहीं मानी। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पता चला कि अभियुक्त ग्वालियर से बरेली की ओर भाग गया है। सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने 11 जून को रामपुर रोड पर आर्क होटल के पास से अभियुक्त शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि अभियुक्त शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान के बैंक खातों पर पूर्व में भी हिमाचल प्रदेश और हैदराबाद, तेलंगाना में साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं।

# शराब की दुकान को तत्काल किया जाए बंद

■ मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आबकारी आयुक्त द्वारा 14 मई को उत्तराखंड में नई शराब दुकानों को पूर्ण रूप से बंद किए जाने के आदेश का अनुपालन करते हुए, मालधन गोपाल नगर में दोबारा खोली गई शराब की दुकान को तत्काल बंद करने, मालधन क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार व कच्ची शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने, मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जन, निश्चेतक, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए, डम्प पड़ी एक्सरे मशीन को शुरू किये जाने, अल्ट्रासाउंड व 24 घंटे इमरज. ेसी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर रामनगर उपजिलाधिकारी का घेराव कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।

शुक्रवार को महिला एकता मंच ने आबकारी आयुक्त और उपजिलाधिकारी को एक सप्ताह के भीतर उक्त मांगों का समाधान न किए जाने पर नशा नहीं इलाज दो अभियान आंदोलन आगे बढ़ाने की चेतावनी दी।उन्होंने ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड की जनता के विरोध एवं जन संवेदनाओं को देखते हुए उत्तराखंड आबकारी आयुक्त द्वारा विगत 14 मई को उत्तराखंड के सभी जिलाधिकारियों को नई शराब की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए, आदेश जारी किया गया था। जिसके क्रम में हाथीडगर रामनगर के लिए आबंटित दुकान जो कि गोपाल नगर मालधन में खोली गयी थी और बाद बंद कर दी गयी। लेकिन विगत 12 जून को शराब ठेकेदार द्वारा उक्त दुकान को अचानक खोल दी गयी है। जिसके कारण क्षेत्र का माहौल दोबारा खराब होने लगा है।पुलिस-प्रशासन द्वारा अवैध व कच्ची शराब के खिलाफ सख्त कार्यवाही न किए जाने कारण क्षेत्र में अवैध व कच्ची शराब का कारोबार लगातार जारी है।

उन्होंने मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मानकों के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर एसडीएम और सीएमओ को नैनीताल के साथ बैठक आयोजित की गयी थी, लेकिन उस बैठक में सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति में कोई भी सुधार नहीं हो पाया है।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी तीन जुलाई को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है जिसमें प्रशासन द्वारा आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन के लिए मजबूती के साथ पैरवी की जाएगी और अन्य मांगों के समाधान के लिए भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान भगवती आर्य ,पुष्पा आर्य ,देवी आर्य,कौशल्या चुनियाल,सरस्वती जोशी,रजनी,रेखा शाह आदि महिलाएं शामिल मौजूद रहीं।

# भोगपुर डाम को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा भरतपुर मेघा वाला मंडल महामंत्री ने भोगपुर दम को राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंपा। मीडिया से बात करते हुए मंडल महामंत्री हरप्रीत सिंह हैप्पी ने कहा कि भोगपुर डाम को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग बहुत पुरानी है मगर पिछली सरकारों द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं की गई थी। बीजेपी सरकार के मुख्यमंत्री धामी जनता द्वारा की जा रही उक्त मांग को लेकर गंभीर हैं उसी क्रम में आज माननीय कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जी को भी इस संबंध में ज्ञापन सोपा गया है उन्होंने बताया कि कुछ कथा कथित नेताओं द्वारा भोगपुर डाम के लोगों के घरों को अवैध बताया जा रहा है जिससे ग्राम निवासी लोगों में भ्रम की स्थिति व्याप्त हो गई है जबकि भोगपुर डाम में निवास करने वाले सभी लोग भाजपा विचारधारा के हैं उन्होंने भोगपुर डाम को जल्द से जल्द राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंगल, भाजपा संयोजक विनीत चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुम्बर, हरप्रीत हैप्पी, सुरेश लोहिया, अनुज शर्मा, रेखा तिवारी ,विजय मक्कड़ ,रवि साहनी, राजू ठाकुर रमेश कुमार, प्राशु बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की लम्बित समस्याओं की समीक्षा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक जनपद में व्यापक जनहित के दीर्घावधि से लम्बित समस्याओं/मुद्दों इत्यादि के विभागवार चिन्हीकरण किए जाने के सम्बन्ध में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित मुद्दे/समस्याएं के बारे में जानकारी ली और साथ-साथ ये भी जाना कि कितने समय से लम्बित है और किन कारणों से लम्बित है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने विभाग की उन समस्याओं की एक सूची तैयार करने के निर्देश दिए जिन्हें स्वीकृति मिल चुकी है पर लम्बे समय से शुरू नहीं हो पाई है। इस लिस्ट को जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को सौंपने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने लोनिवि, पीएमजीसीवाई, विद्युत, जल संस्थान, जल निगम, लघुडाल, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सम्बन्धित मुददे/समस्याए जो दीर्घ अवधि से लम्बित है उनका संज्ञान लिया।

जिलाधिकारी ने चड़िकाघाट मोटर सेतु एवं आवांलघाट मोटर सेतु के निर्माण की भी जानकारी लेते हुए डीपीआर की भी स्थिति को जाना। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह,परियोजना निदेशक डीआरडीए आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी, अधिशासी अभियंता लोनिवि विवेक सक्सेना, विद्युत नितिन गरखाल आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आज होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** बाराहीधाम में उत्तरांचल स्वर संगम के तत्वाधान एवं भारत सरकार के गीत एवं सांस्कृतिक मंत्रालय के सहयोग से 14 जून को सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जा रही है। जिसका शुभारंभ बाराही मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, रेलवे कॉरिडोर के पूर्व महानिदेशक, श्रीबाराही मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हीरा वल्लभ जोशी, शिक्षाविद दिनेश जोशी संयुक्त रूप से करेंगे। पहाड़ की विलुप्त होती जा रही संस्कृति को मंच प्रदान करने के साथ कुमाऊनी व गढ़वाली बोली को स्वर देने एवं यहां से पलायन कर चुके लोगों उत्तरांचल स्वर संगम के निदेशक एडवोकेट चेतन भैया के अनुसार शनिवार को कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# अतिक्रमण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

- राजमार्ग में ढहाया गया पक्का अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चंपावत राष्ट्रीय राजमार्ग में लोहाघाट के मायावती तिराहे में एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने बरसों पुराने पक्के अतिक्रमण को ढहा दिया।

शुक्रवार सुबह अचानक प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मुख्यमंत्री घोषणा के तहत बन रही पार्किंग में बाधा बन रहे अतिक्रमण को दो-दो जेसीबी की मदद से हटा दिया। इस दौरान एसडीएम ने मौके पर खुद मौजूद रहकर अतिक्रमण को हटाया। एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने बताया लोहाघाट के मायावती तिराहे



के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में सरकारी भूमि एक व्यक्ति के द्वारा लंबे समय से अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिसे पूर्व में अतिक्रमण स्वयं से हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उक्त व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया।जिस पर कार्रवाई करते हुए आज अतिक्रमण को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा नगर में सरकारी भूमि में अतिक्रमण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। वहीं अतिक्रमण में किराए में दुकान चलाने वाले गगन पुनेड़ा ने कहा प्रशासन के द्वारा न तो दुकान स्वामी को नोटिस दिया गया ना उन्हें कोई सूचना दी गई। कहा प्रशासन के द्वारा उन्हें समान उठाने का मौका तक नहीं दिया गया। अचानक अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मालूम हो पूर्व में भी एसडीएम लोहाघाट के द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा चुकी है। एसडीएम लोहाघाट ने सीधे शब्दों में संदेश दिया है अतिक्रमण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम में तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी,राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह चोड़ीया, राजेंद्र गोस्वामी, छत्र सिंह बोरा ,राजस्व उप निरीक्षक ऋषभ कुमार, अमित सीपाल, नीरज कुमार ,विजय सिंह भंडारी ,अनुज उप्रेती ,रवि महर ,हिमांशु बिष्ट, कुलदीप सिंह ,प्रियंका पांडे ,अंजलि ,दीपा सामंत के अलावा एन एच के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# अल्पसंख्यक समाज के हित में धामी सरकार चला रही है अनेक योजनाएं: डा. सिद्दीकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के साथ डा. सिद्दीकी ने अल्पसंख्यक समाज की योजनाओं पर किया चर्चा

**चंपावत ।** अल्पसंख्यक आयोग के महाप्रबंधक डॉक्टर शाही सामी सिद्दीकी तथा गुरुद्वारा कमेटी के सचिव सरदार हरभजन सिंह, अकाउंटेंट सुखवंत सिंह भुल्लर, सहायक अकाउंटेंट रणजीत सिंह राणा तथा बलदेव सिंह चीमा के बीच अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यक बच्चों की शिक्षा या उनके लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया गया।

महाप्रबंधक डॉक्टर शाही सामी सिद्दीकी ने बताया कि धामी सरकार द्वारा वर्तमान में अल्पसंख्यक समाज के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला जा चलाई जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत कंप्यूटर, सिलाई, पार्लर, मशरूम, एलईडी बल्ब तथा सोलर लाइट प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी बच्चों को सरकार द्वारा स्टाइपेंड भी देने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को एमबीबीएस, एएनएम व जीएनएम सहित अन्य हायर एजुकेशन प्राप्त करने वाले बच्चों को धामी सरकार द्वारा छूट पर लोन देने की भी व्यवस्था की गई है। यह लोन बिना ब्याज के देने की व्यवस्था है। वहीं उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लोगों को स्वरोजगार योजना के तहत 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ भी सरकार द्वारा लोन देगी जिसमें 60 प्रतिशत बैंक देगा व 15 प्रतिशत स्वयं लाभार्थी को लगाना होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा धामी सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लोगों के लिए बहुत कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का संचालन किया जा रहा है।

# ग्रामीणों को कानून की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में उत्तराखंड कंपनसेशन स्कीम फॉर वुमेन विक्टिम्स/सरवाइवर्स ऑफ सेक्सुअल असॉल्ट/अदर क्राइम्स-2020 विषय पर शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने ग्राम लखनपुर श्रीराधा कृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट में ग्रामीणों को उत्तराखंड कंपनसेशन स्कीम फॉर वुमेन विक्टिम्स/सरवाइवर्स ऑफ सेक्सुअल असॉल्ट/अदर क्राइम्स, 2020 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने बाली नि:शुल्क विधिक सेवाओं और नालसा नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 जानकारी दी। इस मौके पर अला. उद्दीन, सुरेश कुमार, बलबीर सिंह, हवेश अली, शफीक अहमद, सलामुद्दीन, पूजा देवी, ज्योति, हरीश सैनी, पवन कुमार, आदि मौजूद रहे।

# अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा कार्यकर्ताओं तथा नगर पालिका के सभासदों ने नगर पालि. का सभागार में दो मिनट का मौन रखकर अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों, क्रू मेंबर्स तथा मेडिकल छात्रों की आत्मा के शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त किया।

उन्होंने अचानक हुई इस दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और अति दुखद बताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। शोकसभा में नगर पालिका के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, आशीष श्रीवास्तव, विश्वनाथ यादव, विजय कुमार, लक्ष्मण भंडारी, आनन्द धरियाल, मनोज शाही, लक्ष्मण प्रजापति, अंकुर गुप्ता, नीलू गुप्ता, स्मिता राणा, किशन सिंह किन्ना, शुभम वाल्मीकि, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, रवि सक्सेना, मनोज गुलाटी, संगीता राणा, मनोज श्रीवास्तव, करण यादव, विजय कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भूड़ा किशनी में तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव अमित भट्ट की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। सचिव भट्ट ने पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं एवं घरेलू हिंसा के निदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने लोगों को बताया कि अपने क्षेत्र के संबंध पीएलवी को अपनी समस्याओं के बारे में बताएं और लिखित रूप में अवगत करा सकते हैं। नासा सालसा डालसा, टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में विस्तार से बताया। वहीं पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, स्नेह प्रभा, ममता शर्मा, विमलेश शर्मा तथा इलियास सिद्दीकी अधिवक्ताओं ने नालसा साध्ंग एक मुट्ठी आसमान पर हक हमारा भी तो है गाने की थीम, नशा मुक्ति घरेलू , हिंसा के बारे में समझाया। वहीं स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालतों वादों को कैसे निपटाए जाते हैं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कमल गोस्वामी, मंजू बिष्ट, मीरा देवी, भगवती राणा, ठग्गो देवी, आरबी सिंह, लाल सिंह, पिंकी राणा, प्रीती राना, आशा रानी, गीता शर्मा तथा प्रभु दयाल आदि उपस्थित रहे।


# रामनगर में युवती ने विषैला प्रदार्थ खाकर आत्महत्या की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने विषैला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जहां एक ओर युवती के परिजनों में कोहराम मच गया तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

घटना के संबंध जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम गैबुआ निवासी 29 वर्षीय दिव्या नैनवाल पुत्री कैलाश नैनवाल जो कि पिछले कारीब पांच वर्ष से रामनगर के लखनपुर चुंगी इलाके में किराए के मकान में रहती थी। उन्होंने बताया कि युवती ने गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया था।घटना की जानकारी स्वयं युवती द्वारा अपने परिजनों को दी गई थी। जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए रामनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। बताया जाता है कि मृतका घास मंडी में किसी के यहां प्राइवेट नौकरी करती थी। कोतवाल ने बताया कि शुक्रवार को सरकारी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।युवती ने कहा और किन परिस्थितियों में जहर खाया है।इसकी जांच की जा रही है।बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डीएम ने किया आपदा परिचालन केंद्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मानसून काल को देखते हुए जिलाधिकारीविनोद गोस्वामी द्वारा जिला आपदा परिच. ालन केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला आपदा एवं प्रबंधन अधिकारी पिथौरागढ़ भूपेंद्र महर को आपदा कॉन्फ्रेंस रूम में आवश्यक उपकरण रखे जाने के साथ ही टेक्नोलॉजी/इनफॉरमेशन के पर्याप्त साधन के स्रा. ेतों को रखे जाने के निर्देश दिए। बता दें कि संचार उपकरण, मानचित्रण उपकरण, और स्थिति मूल्यांकन उपकरण, टेलीफोन और रेडियो,आपदा के दौरान संचार के लिए उपग्रह फोन और सेल फोन जैसे उपकरण, मानचित्रण उपकरण,भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस)आपदा प्रतिक्रिया के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है क्योंकि यह वास्तविक समय में स्थिति का मानचित्रण करने और आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति देता है।डिजिटल मानचित्र आपदा प्रतिक्रिया के लिए सटीक डिजिटल मानचित्र आवश्यक हैं।

स्थिति मूल्यांकन उपकरण, सैटेलाइट इमेजिंग आपदा के दौरान होने वाले नुकसान का मूल्यांकन करने और स्थिति को समझने में मदद करती है। डेटा लॉगर्स आपदा के दौरान होने वाले नुकसान का मूल्यांकन करने और स्थिति को समझने में मदद करते है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह महर उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया स्वाला डेंजर जोन का निरीक्षण

- अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश
- कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा शुक्रवार को अपने तय दौरे के तहत मुख्यमंत्री की विधानसभा चंपावत पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने टनकपुर से लेकर चंपावत तक एनएच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा अपने काफिले के साथ राजमार्ग के सबसे संवेदनशील डेंजर जोन स्वाला में रुके।

केंद्रीय मंत्री ने स्वाला डेंजर जोन में चल रहे पहाड़ी ट्रीटमेंट कार्य का



निरीक्षण किया तथा एनएच के अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कार्य की ढीली प्रगति पर गहरी नाराजगी जताते हुए एनएच के अधिकारियों से कार्य में तेजी लाने तथा मानसून सीजन को देखते हुए राजमार्ग में सभी संवेदनशील स्थानों में मशीने तैनात करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने एनएच के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा बरसात में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने की दशा में तुरंत रिस्पांस देते हुए सड़क को खोला जाए ।ताकि सड़क बंद होने की दशा में यात्रियों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े तथा कार्य में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी केंद्रीय मंत्री के द्वारा दी गई।

# नशा तस्कर पति -पत्नी व एक अन्य महिला तीन दबोचे

- 50 ग्राम स्मैक, 315 बोर का एक कारतूस, तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद
- ग्राम पचपेड़ा नानकमत्ता के सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा व उसके भाई पलविन्दर सिंह उर्फ पप्पू से लाए थे स्मैक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** थानाध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम नगला से एक कार सख्या RJ 13 CB 1356 में सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम गोविन्दर सिंह पुत्र स्व. मूला सिंह निवासी नगला, व दोनों महिलाओं ने अपना नाम विमला कौर पत्नी मंजीत सिंह निवासी नगला व राजविन्दर कौर पत्नी गोविन्दर सिंह बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान तीनों के कब्जे में करीब 50 ग्राम स्मैक बरामद की। वहीं तलाशी के दौरान आरोपी गोविन्दर सिंह के पास से 315 वोर का एक जीवित कारतूस भी बरामद किया है।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र में नशा कारोबार में लिप्त होने की सूचना मिल रही थी। नशा तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगातार संदिग्धों पर अपनी नजर रख रही थी। कार सवार नशा तस्करों को पुलिस ने 112 वाहन पुलिस की मदद से घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह स्मैक पचपेड़ा नानकमत्ता निवासी सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र स्व. स्वरूप सिंह व उसके भाई पलविन्दर सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व. स्वरूप सिंह से खरीद कर लाते हैं, जो हमें आज झनकट में मिला था और हमने उससे यह स्मैक खरीदी थी। हम अभी भी उससे ही स्मैक लेकर आ रहे हैं। इस स्मैक को लाकर हम तीनों लोग यहां स्थानीय लोगों को पुड़िया बनाकर बेच देते हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त आरोपियों के कब्जे से बरामद कार को सीज कर दिया है।

वहीं आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर तीनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक मनोज जोशी, महिला सिपाही विद्या रानी, सिपाही प्रकाश चंद्र, नवीन जोशी, धनराज, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, सिपाही जगदीश पुजारी, शुभम सैनी शामिल है।

> नशा तस्करों पर नकेल कसने का निरंतर प्रयास जारी है। पुलिस नशा तस्करों व संदिग्धों पर निगरानी कर उन्हें सलाखों तक पहुंचाने की कार्रवाई में लगी है। क्षेत्र में नशा तस्कर व नशे की कमर को पूरी तरह से तोड़ा जाएगा, ताकि क्षेत्र व युवाओं को नशे की जद से सुरक्षित किया हा सके। फरार नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> 
>
> **उमेश कुमार**
> **थानाध्यक्ष**
> **थाना नानकमत्ता**
> **उधम सिंह नगर।**

# बगैर वर्दी के सीमाओं की रक्षा व सुरक्षा कर रहे लोग: कमांडेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस आइटीबीपी सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों को शादी वर्दी की ऐसा रक्षक मानती है, जो सीमाओं की रक्षा व सुरक्षा में उनका महत्वपूर्ण सहयोग देते आ रहे हैं। इन लोगों को सदा स्वस्थ रखना एवं स्थानीय जलवायु में होने वाली उत्पादन को वैज्ञानिक तरीके से उत्पादित कर उनका अधिक उत्पादन करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार के अनुसार सीमांत कुटी गांव में विशेष चिकित्सा शिविर लगाकर रोगियों का उपचार कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस शिविर का आदि कैलाश जाने वाले तीर्थ यात्रियों ने भी लाभ उठाया। आईटीबीपी के सहायक सेनानी डॉक्टर शुभम मोहनपुरिया के नेतृत्व में लगाए गए चिकित्सा शिविर का 96 लोगों ने लाभ उठाया। हर उम्र के लोगों के किए गए स्वास्थ्य परीक्षण में सर्दी, जुकाम, स्वास,बीपी आदि समस्याएं पाई गई तथा उन्हें स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए। लोगों को मुफ्त दवाईयां दी गई। शिविर के संच. ालन में मेडिक्स पवन कुमार ने भी सहयोग दिया।

# कोटद्वार के मगनपुर, किशनपुर क्षेत्र में एक नई शैक्षिक क्रांति की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय लैंसडाउन की प्रधानाचार्य अक्षिता चौधरी की अध्यक्षता में गठित निरीक्षण टीम ने कोटद्वार में विद्यालय परिसर का दौरा कर पानी, बिजली, साफ-सफाई और कक्षाओं की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम ने संतोष व्यक्त करते हुए आगामी सप्ताह से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

इस ऐतिहासिक पहल की आधारशिला विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण के अथक प्रयासों और दूरदर्शिता का प्रतिफल है। उनके मार्गदर्शन में ही यह सपना साकार होने की ओर अग्रसर हुआ है। उन्होंने इस परियोजना की स्वीकृति दिलवाने से लेकर, विद्यालय संचालन की सभी प्रशास. निक औपचारिकताओं के निष्पादन हेतु निरंतर सक्रियता दिखाई। आज, जब राजकीय इंटर कॉलेज किशनपुर द्वारा केंद्रीय विद्यालय को संचालन हेतु भूमि संबंधी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए, तो यह क्षण क्षेत्रवासियों के लिए गर्व और उल्लास से परिपूर्ण रहा। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालय के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों।

# केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार: तीरथ रावत

**गोपेश्वर।** मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए। पूर्व सीएम रावत ने कहा कि केंद्र मैं भाजपा सरकार के 11 वर्ष देश को गौरांवित वाले रहे हैं। इन 11 वर्षों में देश आत्मनिर्भर के क्षेत्र में आगे बढ़ा। देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य तेजी के साथ हुए। सेनाओं को आधुनिक किया गया। पूरी दुनिया का भारत के प्रति दृष्टिकोण बदला है। उन्होंने कहा कि देश के अंदर और बाहर रहने वाले देश के नागरिकों का विश्वास और आशा बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी सरकार की हर योजना के जनकल्याणकारी साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देश में पहलगाम जैसे दुर्दात घटना हुई इससे हर देशवासी स्तब्ध और दुखी था। सरकार ने सेना को पहलगाम घटना का बदला लेने की खुली छूट दी। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकी से देश की सेना को मजबूती मिली है।

# राजगढ़ी-सरनौल सड़क की बदहाली से ग्रामीण खफा

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** विभाग और ठेकेदार के बीच के विवाद से डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों की लाईफ लाईन राजगढ़ी -सरनौल मोटर मार्ग बदहाल है।विकासखंड नौगांव के राजगढ़ी- सरनौल मोटर मार्ग की बदहाली पर क्षेत्रीय लोगों ने गहरी नाराजगी जताई है। बीते एक पूर्व क्षतिग्रस्त सड़क की कोई सुध न लेने पर ग्रामीणों का ष्प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनाष् पुरोला के खिलाफ आक्रोश है। मोटर मार्ग में डामरीकरण न करने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। राजगढ़ी- सरनौल मोटर मार्ग की बदहाली पर क्षेत्रीय लोगों ने गहरी नाराजगी जताई है। क्षेत्रीय निवासी विजेंद्र सिंह राणा,बलवीर सिंह राणा, जगमोहन सिंह राणा, गंगटाडी कैलाश सेमवाल आदि ने बताया कि करीब 40 किमी लंबे राजगढ़ी-सरनौल मोटर मार्ग का डामरीकरण वर्ष 2021- में किया गया था, लेकिन पीएमजेएसवाई ने सड़क में करीब 15 किलोमीटर के हिस्से डामर उखड़ रखा है, इससे मार्ग पर रोड़े और गड्ढे बन गए हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला (उत्तरकाशी)

Office of the Executive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)

E-Mail: ecpmgsypurola@rediffmail.com Tel. No.: 01373-223730

पत्रांक:- 460/पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0, दिनांक:-10/06/2025

**(निविदा सूचना)**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शील्ड निविदा दिनांक 25.06.25 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा डाकघर बचत पासबुक, किसान विकास पत्र जो अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 सिं0खण्ड पुरोला उत्तरकाशी के पदनाम से बन्धक की गई हों, लगाना अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू. 100.00 के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू.1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 18.06.25 से दिनांक 25.06.25 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे पूर्वान्ह से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 26.06.25 के अपराहन 3.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जा सकती है।

प्राप्त निविदायें दिनांक 26.06.25 के अपराहन में 3.30 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 सिं0खण्ड पुरोला के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की अर्हता पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत Kharsari-Jeewanu Motor Road का मरम्मत कार्य। | 54000.00 | 1500.00 + 18% GST | 45 दिन | 03 माह | डी0 श्रेणी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य में पंजीकृत) |
| 2 | राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत NH 94 Kharadi-Nagan gaon Motor Road km 9 to Bachan gaon मोटर मार्ग का मरम्मत कार्य। | 60000.00 | 1500.00 + 18% GST | 45 दिन | 03 माह | तदैव |
| 3 | राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत Hudoli Pani gaon - Kantari Motor Road का मरम्मत कार्य। | 39000.00 | 1500.00 + 18% GST | 45 दिन | 03 माह | तदैव |
| 4 | राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत्त Purola Motor Road km 31 to Bingsari का मरम्मत कार्य। | 60000.00 | 1500.00 + 18% GST | 45 दिन | 03 माह | तदैव |

**नोट-** किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0
पुरोला (उत्तरकाशी)

# मूसलाधार बारिश में नैनीताल तर

## दिनभर बरसता रहा पानी, जन जीवन रहा अस्तव्यस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटक नगरी नैनीताल में मौसम विभाग द्वारा उत्तराखंड की ऊंचाई वाले हिस्सों में जारी बारिश के अलर्ट के बाद नैनीताल में सुबह से मूसलाधार बारिश जारी है। बारिश के चलते जनजीवन अस्थ-व्यस्त हो गया। बारिश के चलते शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। बारिश के कारण माल रोड, तल्लीताल और मल्लीताल जैसे व्यस्त क्षेत्रों में ट्रैफिक बाधित हुआ है।

बाजारों में भी सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। स्थानीय लोग और पर्यटक दोनों ही मौसम की मार से परेशान हैं। स्कूली बच्चों और ऑफिस जाने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नैनीताल भवानी मोटर मार्ग में कुछ जगहों पर मलवा गिरने की भी सूचना मिली है, हालांकि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। चार घंटे की बारिश ने शुक्रवार को नैनीताल में यातायात को प्रभावित किया ही, साथ में जनजीवन भी अस्त-व्यस्त कर दिया। मूसलाधार बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं। तल्लीताल में एक दर्जन दुकानों में बारिश का पानी घुसने से दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। लोग कई घंटों तक घरों में ही कैद रहे। भवाली और कालाढूंगी हाईवे पर मलबा आने से करीब आधा घंटा यातायात बाधित रहा। शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे से नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। दोपहर डेढ़ बजे तक लगातार बारिश होती रही। मूसलाधार बारिश के चलते नैनीताल में यातायात और जनजीवन खासा प्रभावित रहा। कई घंटों तक बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। बारिश के कारण शहर की कई सड़कों पर जलभराव हो गया है। नाले और नालियां उफान पर रहे। तल्लीताल क्रांति चौक से कलेक्ट्रेट की तरफ रैमजे बाजार में में करीब एक दर्जन दुकानों में पानी भर गया। क्रॉकरी विक्रेता विजय कश्यप की दुकान के अंदर से पानी किसी बड़े नाले की तरह बाहर आता दिखा। पास की ही कई अन्य दुकानों में भी जलभराव हुआ। नैनीझील में भी कचरा समा गया। हाईवे आधा घंटा बाधित रहे लो. निवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया की बारिश के दौरान मलबा आने से नैनीताल-कालाढूंगी व नैनीताल- भवाली हाईवे करीब आधा घंटे तक बाधित रहा। जेसीबी मशीनें लगाकर मलबा हटाकर मार्गों को सुचारू कराया गया।

# डीएसबी में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक



(2025-2027) आम चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुए। चुनाव में कुल 95 मतदाताओं में से 79 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसमें विपिन चन्द्र को 40 और पुष्कर घनस्याल को 35 मत प्राप्त हुए। एक मत नोटा जबकि तीन मत अमान्य घोषित किए गए। बहुमत से विजयी हुए विपिन चन्द्र को सचिव पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत निर्वाचन अधिकारी भारत भूषण जोशी द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश पपनै ने सभा को संबोधित कर चुनाव प्रक्रिया और परिणामों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गणेश बिष्ट ने मार्गदर्शन प्रदान किया और कर्मचारियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नन्दा बल्लभ पालीवाल ने संस्था और कर्मचारियों के हित में प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान अतुल कुमार, हेंमत प्रसाद, प्रभात मठपाल, गजेन्द्र प्रसाद, डा. भुवन चन्द्र शर्मा, डा. पीएस अधिकारी, डा. हरदयाल सिंह जलाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित आईटीआई के पास शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे तेज रफ्तार से जा रही बुलेट मोटरसाइकिल की सामने से आ रही एक छोटा हाथी वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में 25 वर्षीय आदित्य बिष्ट निवासी छड़ायल, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में उसका साथी युवक घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतक आदित्य बिष्ट के पिता नाइजीरिया में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता, भाई और बहन गांव में रहते हैं। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। कोतवाली पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### भजन 'चरणवंदन' कल रिलीज किया जाएगा

**नैनीताल।** गायक नरेंद्र कुमार द्वारा बाबा नीब करौरी बाबा को समर्पित भजन चरणवंदनम रविवार को लांच किया जाएगा। बाबा को समर्पित यह उनका छठा भजन है। इसके अलावा कुमाऊनी समेत हिंदी में कई गीत गा चुके हैं। नैनीताल निवासी गायक नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह हनुमान के साथ बाबा के भक्त रहे हैं। उनके प्रति समर्पण की भावना शुरू से रही है और पिछले कुछ वर्षों से 15 जून को कैंची धाम के स्थापना दिवस पर बाबा को समर्पित भजन लांच करते हैं। इस बार भजन चरणवंदनम तैयार किया है। भक्तिभाव के साथ बाबा के अनुयायियों को यह भजन अवश्य पसंद आएगा। दो वर्ष पहले गाया भजन घोर अंधेरा, एक किरण तू, दुखी मन मेरा, किस ओर देखे.. लोगों का सर्वाधिक पसंदीदा भजन है। वह कुमाऊंनी देवी देवताओं पर आधारित भजन भी गा चुके हैं। कोविड लॉकडाउन के दौरान जागरूकता पर आधारित गीत भी लोगों ने खूब पसंद किया। इसके साथ ही हिंदी फिल्मी गीतों की गायिकी की लंबीेहरिस्त रही है। नरेंद्र कुमार खुद गंभीर प्रकृति के हैं और प्रत्येक गायिकी में गंभीरता का दर्द झलकता है। जिस कारण उनके गीतों को पसंद किया जाता है। नरेंद्र के नए भजन को संगीत शब्बीर अहमद ने दिया है, ज्योति सक्सेना और रिकॉर्डिंग व संपादन नवल सक्सेना ने किया है।

### इंटर कॉलेज में योग श्रंखला का शुभारम्भ

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती देवीधूरा के श्री ऐपाल देवता राजकीय इण्टर कालेज में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को योग शिविर श्रृंखला का शुभारंभ किया गया है। सोबन सिंह जीना विश्वविद्याल अल्मोड़ा के योग विभाग द्वारा 21 मई 2015 से जून 2025 तक आओ हम सब योग करे अभियान की कड़ी में कुमाऊँ विश्व. विद्यालय डीएसबी परिसर के योग विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डा. दीपा आर्या और योग प्रशिक्षक शुभम विश्वकर्मा के नेतृत्व में एमए चतुर्थ समेस्टर की छात्र इशिता राजपूत द्वारा श्री ऐपाल देवता राजकीय इण्टर कालेज परवाडांगर कालेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार जीना व समस्त स्टाफ के सहयोग से योगाभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभो की विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं।

### नियमितिकरण के लिए पौधारोण जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट आफ डेट को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन आज 343वे दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन। देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत पर्यटको को पौधारोपण से जोड़ा। उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

### आनुली देवी के निधन पर हरीश रावत ने दुख जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शुक्रवार देर शाम को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व विधायक तिलक राज बेहड़ स्वतंत्रता सेनानी गांव जवाहरनगर पहुंचे। जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पूरन सिंह कोरंगा की पत्नी 102 वर्षीय आनुली



देवी कोरंगा के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदनाएं प्रकट कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार जनों को ढांढस बधाया। उन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने में महत्वपूर्ण किरदार निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। विधायक बेहड़ ने शोक संतप्त परिवारजनों से जरूरत पड़ने पर हर समय साथ देने का भरोसा दिया। शोक श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व ब्लांक प्रमुख किन्नू शुक्ला, युवा कांग्रेसी आनंद रावत, मोहन चंद्र पाण्डे, जिलापंचायत सदस्य दीपा प्रेम आर्या, हेम सिंह नेगी, दीपक भट्ट, नरेश बिष्ट, पूर्व उपप्रधान धनसिंह को. रंगा, जसपाल सिंह कोरंगा, प्रताप सिंह कोरंगा, भुपाल सिंह कोरंगा रहे।

# कैंचीधाम में कल उमड़ेगा भक्तों का रेला

## धूमधाम से मनाया जाएगा 61वां स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कैंची धाम का 61वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी हर साल बढ़ रही है। अनुमान है कि 15 जून को 4 लाख से अधिक श्रद्धालु कैंची मेले में शामिल होंगे। ऐसे में शासन-प्रशासन और पुलिस की चुनौतियां भी बढ़नी तय है। ऐहतियात के तौर पर इस बार धाम में पहली बार एसएसबी और आईटीबीपी की भी तैनाती रहेगी। बीते साल के मुकाबले इस बार धाम में और अधिक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

पुलिस, पीएसी और पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिस तीन तरह का फोकस रहेगा। पार्किंग की बेहतर व्यवस्था, क्राउड मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था पर बेहतर ध्यान दिया जाएगा। इन तीनों बिंदुओं पर अधिक. ारियों को निर्देशित कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर यातायात डायवर्जन भी किया जाएगा। एसएसपी ने बताया चारधाम यात्रा में भी इस बार आईटीबीपी और एसएसपी की व्यवस्था के निर्देश गृह मंत्रालय से मिले हैं। वहीं व्यवस्था कैंची धाम के स्थापना दिवस पर भी लागू रहेगी। बताया कि तीन कंपनी पीएसी और शेष सिविल पुलिस की भी ड्यूटी रहेगी।

### इस तरह से रहेगा रूट डायवर्जन


ज्योलीकोट से अल्मोड़ा, जागेश्वर, बागेश्वर व अन्य पहाड़ी क्षेत्रों को जाने वाले सभी छोटे/टैक्सी वाहनों को मस्जिद तिराहा भवाली से नैनीबैंड-2 से नैनीबैंड-1 से खुटानी बैंड से मुक्तेश्वर होते हुए क्वारब की ओर भेजा जाएगा। भीमताल की ओर से पहाड़ की ओर जाने वाले वाहनों को खुटानी बैंड से मुक्तेश्वर होते हुए क्वारब भेजा जाएगा। अल्मोड़ा, बागेश्वर आदि से हल्द्वानी जाने वाले वाहनों को क्वारब से डायवर्ट कर नथुवाखान, मुक्तेश्वर से खुटानी बैंड से भीमताल होते हुए हल्द्वानी भेजा जाएगा। रानीखेत से हल्द्वानी जाने वाले सभी छोटे टैक्सी वाहनों को खैरना से क्वारब, नथुवाखान, मुक्तेश्वर से खुटानी बैंड से भीमताल होते हुए भेजेंगे।

# ओ मैया मैं तो उतारूं तेरी आरती...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भक्ति भाव श्रद्धा सबुरी एवं संगीतमय भजन प्रस्तुतियों के अनोखे संगम के साथ सरोवर नगरी नैनीताल में माता की चौकी का भव्य

**■माता की चौकी का भव्य आयोजन**



आयोजन किया गया। लेक सिटी वेलफेयर क्लब की पहल पर शुक्रवार को सेंट्रल होटल में समिति की वरिष्ठ सदस्य अमिता शाह के सहयोग से माता की चौकी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में कुमाऊँ के बप्पी लहरी के नाम से विख्यात रुद्रपुर के भजन गायक गगन ग्रोवर की टीम द्वारा आकर्षक झांकियों सहित हिन्दी, पहाड़ी एवं पंजाबी भजनों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों के दौरान मन में बसी तेरी मूरत, ओ मैया मैं तो उतारू तेरी आरती के साथ मैया के भजन तथा भक्त शिरोमणि हनुमान तथा प्रभु राम को समर्पित भजन जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे भजन गाए गए। इस अवसर पर श्री कपिलदेव महाराज के परम सानिध्य में विशिष्ट आगंतुकों के रूप में किशोर चंदोला, आशीष बजाज दीप पांडे सहित सभासदों भगवत रावत, सपना बिष्ट, गीता उप्रेती, काजल आर्या, लता दफोटी, गजाला खान, रेश्मा टण्डन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक के रूप में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान की धर्मपत्नी उर्मिला चौहान के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में मुख्य यजमान के रूप में क्लब की निवर्तमान सचिव दीपा पांडे एवं उनके पति डा. हिमांशु पांडे द्वारा योगदान दिया गया। साथ ही अध्यक्ष आभा साह, सचिव सरिता त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रमा भट्ट, संरक्षक ज्योति ढ़ोडियाल, कॉर्डिनेटर रानी साह, उपाध्यक्ष डा. पल्लवी, गीता साह, कविता गंगोला जीवंती भट्ट, विनिता पांडे, सीमा सेठ, मीनाक्षी कीर्ति, कविता त्रिपाठी, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, कंचन जोशी, अमिता साह, अमिता शेरवानी, जया वर्मा, प्रेमा अधिकारी, ज्योति वर्मा, प्राची आर्या, रमा तिवारी, नीलम गुप्ता, दया कुँवर, सविता कुलोरा, मधुमिता, तनप्रीत, वंदना जोशी, भावना साह, सरस्वती सिराला, दिव्या साह, भारती साह समेत अन्य लोग रहें।

# विमान हादसे में जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अहमदाबाद, गुजरात में हाल ही में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त

**■शोकसभा कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी**




करने के लिए शुक्रवार को मल्लीताल पंत पार्क में नगरवासियों द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी, समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। सभी ने मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं साझा कीं। जस दौरान विधायक सरिता आर्या, शांति मेहरा, विमला अधिकारी, अरविंद पडियार, भागवत रावत, गज़ाला कमाल, लता दफोटी , गीता उप्रेती, आशा आर्या, शीतल कटियार, आनंद बिष्ट, विक्रम रावत, संतोष कुमार, ज्योति ढोंडियाल, कविता गंगोला, अरुण कुमार, विक्रम रावत, हरीश सिंह राणा, आशीष बजाज, शैलेंद्र बर्गली, पंकज जोशी, दीपक बिष्ट, डा. मनोज बिष्ट, उमेश बिष्ट, चंदन जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, राजीव साह, तारा बोरा, दया बिष्ट, गोपी, मोहित रौतेला, विपिन कुमार, राजेश, भारत सिंह मेहरा, विकास जोशी, शैलेंद्र बिष्ट, युवराज, राधा खोलिया, कैलाश रौतेला, मीरा बिष्ट, कविता त्रिपाठी, लक्ष्मण नेगी, गणेश राणा, पुष्प कार्की मौजूद रहे।

### शटल से भेजे गए पर्यटक

**नैनीताल।** पर्यटक नगरी में बारिश के बाद पर्यटकों की वापसी के चलते नगर की अपर मालरोड पर वाहनों की कतार लग गई। तल्लीताल से मालरोड के पुस्तकालय तक लगी वाहनों की कतार से पर्यटक व लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह तेज बारिश से कई पर्यटक वापस लौटे। इससे अपर मालरोड में वाहनों का जमावड़ा लग गया। देखते ही देखते वाहनों की कतार तल्लीताल से मालरोड के पुस्तकालय तक लग गई। इस दौरान लोगों के वाहन कतार में ंफसे रहे। जिससे पर्यटक व स्थानीय लोग परेशान रहे। पुलिस ने यातायात व्यवस्थित कर शहर से वाहनों की निकासी की। जिसके बाद यातायात सुचारू हो पाया। एसपी यातायात व अपराध डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अस्थायी पार्किंग स्थलों पर बिना होटल बुकिंग वाले वाहनों को रोककर शटल से भेजा।

# पेशेवर दो फर्जी जमानती पेश कर दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो

**■जिला अदालत ने आरोपी महिला को फिर से जेल भेजा**

जमानतियों द्वारा हत्यारोपी महिला की जमानत कराने पर कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी महिला को पुन: न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है साथ फर्जी दस्तावेज बनाने के दोनों आरोपियों के खिलाफ तल्लीताल थाने में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अहलमद (पेशकार) द्वारा तल्लीताल थाने में तहरीर दे दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सरकार बनाम नीलम व दो अन्य जो कि हत्या से जुड़ा मामला है, का सत्र परीक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार के न्यायालय में चल रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से हत्या से मुकदमे के तथ्यों को साबित करने हेतु अभी तक मृतक अवतार सिंह पुत्र गुलजार सिंह नि.-ग्राम घसीटपुर, जिला अम्बाला हरियाणा के पिता व पुत्री सहित 17 गवाहों के बयान न्यायालय में दर्ज कराये जा चुके हैं। मामले के अनुसार 15 मई 2019 को मृतक अवतार सिंह की पत्नी अभियुक्ता नीलम नि. फर्स्ट फ्लोर शामिया लेक सिटी, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर द्वारा अपने अन्य साथी अजय कुमार यादव पुत्र हीरा लाल नि.-पूरा हर्पू महापुर, मछली बाजार ईटहरा, जिला जौनपुर एवं मनीष मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा निद्द ग्राम नन्दौत, थाना फूलपुर, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश द्वारा सलड़ी, भीमताल के पास अवतार सिंह को बेहोशी हालत में लाकर उसकी गाड़ी में आग लगा दी। जिसमें अवतार सिंह की मौत हो गई। मामले में अभियोजन साक्ष्य के दौरान अजय यादव जमानत का दुरुपयोग कर फरार हो गया। जो अब तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया गया है। जबकि मृतक की पत्नी नीलम चौधरी का विचारण न्यायालय द्वारा किया जा रहा है। अभियुक्ता नीलम को मई 2025 में हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त मिली थी। उनकी ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सम्मुख पिछले दिनों 2 जमानती पेश किये और इस दौरान जमानतियों के जमानतनामे पर नीलम को जमानत पर रिहा किया था। इन जमानतियों के नाम रिंकू पुत्र रामपाल सिंह निवासी लालपुर थाना कुंडा काशीपुर व यहीं के राजकुमार पुत्र चंद्रपाल हैं। रिंकू के खिलाफ पूर्व में भी झूठे व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर किसी व्यक्ति की जमानत कराने के आधार पर कुंडा थाने में और राजपाल के खिलाफ खटीमा थाने में मुकदमा दर्ज है। जमानतियों के जमानत दाखिल पत्रावली का काशीपुर थाने द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में पाया कि उक्त दोनों जमानतियों के पास कोई सम्पत्ति नहीं है। दोनों जमानती जमानत देने के पेशेवर हैं। कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 229, 233, 235, 236, 237, 238, 335, 337, 340 के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इन झूठे व कूटरचित दस्तावेजों से जमानत प्राप्त नीलम की जमानत रद्द कर उसे पूण न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

### भागवत कथा प्रारंभ

**बागेश्वर।** कमस्यारघाटी के मां भद्रकाली मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। महिलाएं पारम्परिक परिधान पहन सिर पर कलश धारण किये भद्रकाली मंदिर पहुंची। यहां कथावाचक किशोर चंद्र जोशी शास्त्री ने कथा का रसपान करवाया। यहां मंदिर समिति अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी सचिव पंकज डसीला मुख्य यजमान ज्योति जोशी ने सभी को भागवत कथा में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर राजेंद्र सिंह भंडारी अध्यक्ष मां भद्रकाली मंदिर समिति, किशोर चंद्र जोशी शास्त्री जी वेद व्यास, ज्योति जोशी मुख्य यजमान ललित जोशी, पुजारी भास्कर जोशी, दीपक जोशी, दीब्यांशु राठौर नागेन्द्र राठौर पीयूश जोशी, गोपाल दत्त जोशी, मोहन चंद्र जोशी, हरीश दास, सुंदर दास, हरीश पंत आदि मौजूद थे।

# 'आंचल' में आध्यात्मिक माहौल

## कपिल देव महाराज का भव्य स्वागत, गुरु-शिष्य भावनाओं का अनुपम संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (आंचल) के प्रशासनिक परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संचार देखने को मिला, जब सुप्रसिद्ध बाल व्यास कपिल देव महाराज का संघ परिवार द्वारा गरिमामय स्वागत किया गया। यह अवसर न केवल एक अतिथि के स्वागत का था, बल्कि गुरु और शिष्य के पवित्र बंधन का जीवंत उदाहरण भी बना। आगमन के दौरान पूरे परिसर का वातावरण भक्तिभाव और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। आंचल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, जो स्वयं महाराज के शिष्य हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा आज का दिन मेरे जीवन का सौभाग्यशाली क्षण है। मेरे गुरु का इस परिसर में पदार्पण आंचल परिवार के लिए गौरव की बात है। श्री महाराज ने अध्यक्ष मुकेश बोरा और विपणन प्रभारी संजय भाकुनी को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सामा. जिक उत्तरदायित्व तथा सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने आंचल परिवार की उन्नति और प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य में योगदान के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की। इस अवसर



पर आंचल संघ के अनेक सदस्यों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस ने भी भागीदारी की। लालकुआं प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट, गीता भट्ट, वैभवी भट्ट जिन्होंने महाराज से व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने एक स्वर में इसे ष्सद्भाव, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अनुपम आगमन बताया। महाराज ने अपने आशीर्वचनों में युवाओं को नैतिकता, सेवा और सच्चे जीवन मूल्यों के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सच्चा सेवाभाव तभी पूर्ण होता है जब उसमें आत्मसमर्पण और जनहित की भावना हो। इस शुभ अवसर पर पंडित अमित पंत, भास्कर भट्ट समेत राजू रैक्वाल मौजूद रहे ।

# राजस्व उप निरीक्षकों के लिए रोस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तहसील कालाढूंगी अंतर्गत कार्यरत राजस्व उप निरीक्षकों की अनियमित उपस्थिति के कारण लंबे समय से आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों के निस्तारण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा यह विषय लगातार प्रशासन के संज्ञान में लाया जा रहा था। इसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी वंदना के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कालाढूंगी परितोष वर्मा ने राजस्व उप निरीक्षकों की अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए रोस्टर जारी किया है। उपजिलाधिक. ारी परितोष वर्मा ने बताया कि अब प्रत्येक सोमवार को सभी राजस्व उप निरीक्षक अपने निर्धारित पंचायत भवनों में बैठकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी नियत दिवस पर अपने-अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और राजकीय कार्यों का समयबद्ध निष्पादन करेंगे। जारी आदेश के क्रम में तारा चन्द्र घिल्डियाल गेबुवा मोबाइल नंबर 9412124354 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन गेबुआ खास में बैठकर राजस्व कार्यों का संपादन करेंगे। इसी प्रकार जीतेन्द्र मिश्रा हंसरामपुर, मोबा. इल नंबर 9410170493 सोमवार को पंचायत भवन हंसरामपुर में, कमलेश पंत रामपुर मोबाइल नंबर 9997117172 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन रामपुर, हरीश गिरी कालाढूंगी बंदोबस्ती मोबाइल नंबर 9012851938 प्रत्येक सोमवार को तहसील मुख्यालय कालाढूंगी में,हिमांक्षी आर्या पतलिया मोबाइल नंबर 9411351636 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन पतलिया में, अभय कुमार नौदा मोबाइल नंबर 7017189194 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन नौदा, आशुतोष चंद्र बैलपड़ाव मोबाइल नंबर 6395665863 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन बैल पड़ाव, इकबाल अहमद कमोला मोबाइल नंबर 9411167143 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन कामोला में,पुष्पा भंडारी गुलजारपुर राम सिंह मोबाइल नंबर 9012851938 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन गुलजारपुर, जीवन चंद्र बंदरजूड़ा, मोबाइल नंबर 8126549296 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन बंदरजूड़ा में, मनोज कुमार उप्रेती नाथू नगर मोबाइल नंबर 7017073301 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन नाथूनगर तथा पंकज बन्दुड़ी आवलाकोट मोबाइल नंबर 8923855701 प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन आवलाकोट में बैठकर राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों को संपादित करेंगे।

### डेंजर ज़ोन से खतरा

**नैनीताल।** नैनीताल काठगोदाम रोड पर कई स्थान डेंजर जोन बन गए हैं। बारिश के दौरान कई स्थानों में भारी मात्रा में मलबा गिर रहा है। जिससे सड़क बंद होने की भी संभावना है। बता दें कि नैनीताल काठगोदाम रोड पर बरसात के दौरान कई स्थानों पर मलबा गिरने से कई बार सड़क बंद हो जाती है। जिसको साफ करने के लिए एनएच की ओर से दो से तीन जेसीबी लगाई जाती हैं। इधर बरसात शुरू होते ही मलबा गिरना शुरू हो गया है। जिसके चलते सड़क में पत्थर मलबा जमा होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को भी भारी बारिश के दौरान हनुमानगढ़ी, बल्दियाखान और नैनागांव में भारी मात्रा में मलबा गिरा है। जिससे हनुमानगढ़ में कलमठ भी बंद हो गया है। वहीं बल्दियाखान और नैनागांव में पहाड़ी से गिरा मलबा सड़क किनारे जमा हो रहा है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही सड़क से मलबा हटा दिया जाएगा।

# ससुराल पर विवाहिता का उत्पीड़न

## पीड़िता की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बचीनगर पोस्ट लामाचौड़ में एक शादीशुदा महिला ने अपने ऊपर पति, देवर एवं देवरानी द्वारा जान से मारने के उद्देश्य से किए गये जानलेवा हमले की मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में पीड़ित महिला ने अपनी गम्भीर चोटों की मेडिकल रिपोर्ट को पुलिस को सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उसके पति राजेश शर्मा, देवर राकेश शर्मा व देव. रानी हिमानी शर्मा ने एक राय होकर अमानवीय क्रूरता पूर्वक व प्राणघातक तरीके से उसे जान से मारने का प्रयास किया तथा हत्या की साजिश की। जैसे तैसे महिला अपनी जान बचाकर वहां से निकल भागी तथा अपनी गम्भीर चोटों का मेडिकल तत्काल बेस अस्पताल हल्द्वानी में कराया। पीड़ित महिला द्वारा मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर के अनुसार उसका विवाह विगत 12 वर्ष पूर्व राजेश शर्मा मूल निवासी नायल भालुगाड जिला पिथौरागढ़ के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जाता रहा है। जिसके उपरांत महिला ने इसकी शिकायत राजस्व पुलिस को दी थी। जिसके बाद पति द्वारा लिखित माफीनामा देने के बावजूद भी पति द्वारा उसका लगातार उत्पीड़न किया जाता रहा। शादी के कुछ समय बाद महिला अपने पति के साथ हल्द्वानी बचीनगर में रहने लगी, उसके दो छोटे बच्चे भी हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि बुधवार को पति राजेश शर्मा, देवर राकेश शर्मा व देव. रानी हिमानी शर्मा ने एक राय होकर उसे जान से मारने के उद्देश्य से अत्यंत अमानवीय, क्रूरतापूर्वक प्राणघातक रूप से हमला किया। जिससे महिला के शरीर के विभिन्न अंगों पर गंभीर चोटें पहुंचाई गई तथा पीड़ित महिला जान बचाकर अपने दोनो बच्चो को लेकर जैसे तैसे हल्द्वानी स्थित ननिहाल पक्ष के घर पहुंची तथा वहां से अपने मायके बेरीनाग में अपने पिता व भाइयो को उसके साथ हुए अमानवीय घटना की सूचना दी, जिसके बाद पीड़ित महिला को तत्काल बेस अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों द्वारा मेडिकल जांच कर महिला के शरीर पर विभिन्न 8 गम्भीर चोटें दर्शायी गई। महिला का आरोप है कि उनका पति महिला पर जबरन तलाक देने का दबाव बना रहा है। तलाक न देने पर जान से मारने की धमकी दी जी रही थी। महिला ने हल्द्वानी मुखानी थाने मे लिखित शिकायत दर्ज कर पति व उसके परिवार से जान का खतरा होने व उसकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए दोनो बच्चो व उसकी सुरक्षा करने की गुहार लगाते हुए ससुराल वालो पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट एवं मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरन्त जांच कर कार्यवाही के अधीनस्थों को निर्देश दिये हैं।

# एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को टीम इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

● मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे



**कैंट, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम ने एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या-एएल171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 13:38 बजे टेकआफ हुआ था। एयर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 माडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इस हादसे पर क्रिकेट समुदाय ने भी दुख व्यक्त किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। मुकाबला शुरू होने से पहले टीम के खिलाड़ियों और सदस्यों ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पटी बांधकर उतरे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में आज एक मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय टीम 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। इस दौरान जहां टीम की कोशिश तैयारियों को अंतिम रूप देने पर रहेगी।

## एंडरसन 11 साल बाद टी-20 के लिए मैदान पर

**लंदन, वार्ता।** लंकाशायर टी-20 कप्तान कीटन जेनिंग्स ने कहा कि काउंटी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में जेम्स एंडरसन के कौशल का इस्तेमाल करना अद्भुत है।

एंडरसन ने लंकाशायर के लिए पिछले तीन टी-20 मैच खेले हैं। 2014 के बाद से वह पहली बार टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। 42 वर्षीय एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 704 टेस्ट विकेट लिए है। जेनिंग्स ने बीबीसी रेडियो लंकाशायर से कहा कि जब आपके पास ड्रेसिंग रूम में ऐसा कोई खिलाड़ी हो, तो उसके दिमाग और उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल न करना बहुत मूर्खतापूर्ण है। उनका साथ होना अद्भुत है। प्रत्येक मैच में एंडरसन ने पावरप्ले में तीन ओवर फेंके हैं, जो कि पावरप्ले में बदलाव करने की आधुनिक रणनीति के विपरीत है।

# मार्को जेनसन में सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: रिकी पोटिंग



● मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है और उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गें. दबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फीलिंडग करते समय उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबा. जी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया। जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन के बाद उन्होंने आईसीसी डिजिटल से कहा कि वह काफी शांत स्वभाव के हैं। कुछ भी उन्हें बहुत प्रभावित नहीं करता। चाहे उनका दिन अच्छा रहा हो या बुरा, वह हमेशा एक जैसे ही रहते हैं। जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचते हैं या जिस तरह से वह ड्रेसिंग रूम में रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अधिकांश दक्षिण अफ्रीकियों की तरह, आप देख सकते हैं कि उनके अंदर एक बेहद प्रतिस्पर्धी भावना है और एक बार जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो खेल शुरू हो जाता है। जेनसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी डिजिटल से कहा कि मैंने उनसे (पोटिंग) से बहुत कुछ सीखा है। खास तौर पर मानसिक दृष्टिकोण से। वह हमेशा सकारात्मक रहते है, वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखने की को. शिश करते है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह खेल का एक दिग्गज है। पोंटिंग को उम्मीद है कि जैनसन अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# इंदौर, जयपुर में व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

● टी-20 विश्वकप से पहले भारत से 8 मैच, हैदराबाद, गुवाहाटी में भी होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली, वार्ता।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अगले साल 8 व्हाइट बाल मैचों के वेन्यू शार्टलिस्ट हुए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट मुताबिक, जयपुर, इंदौर, मोहाली, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागुपर शार्टलिस्ट हुए वेन्यू में शामिल हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल जनवरी में टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज खेली जानी है। 8 टाप वेन्यूज के अलावा भी कुछ मैदानों को रेस में रखा गया है। 3 वनडे और 5 टी-20 होंगे टीम इंडिया अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी। सीरीज भारत के बिजी कैलेंडर का हिस्सा है, जिसमें टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। इंदौर के होलकर स्टेडियम को भी न्यूजीलैंड सीरीज के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। 14 जून को तय होंगे वेन्यू बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग 14 जून को शाम 4 बजे से आनलाइन होगी। मीटिंग में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के वेन्यू फाइनल होंगे। इसी मीटिंग में आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन को लेकर गाइडलाइन भी लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू क्रिकेट का शेडयूल और उम्र वेरिफिकेशन के लिए नई प्रोसेस भी लागू होगी। वेस्टइंडीज टेस्ट से शुरू होगा होम कैलेंडर टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने गई है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद फरवरी में वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 व्हाइट बाल मैचों के बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## हमारे पास जीतने का शानदार मौका है: डेविड बेडिंघम

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का मानना है कि उनके पास लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने का शानदार मौका है। उन्होने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका इतिहास रचने के करीब है और टीम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 218 रनों की बढ़त बना ली है और उसके पास सिर्फ दो विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 74 रनों की बढ़त के साथ शुरू की थी, लेकिन लुंगी एनगिडी (3/35) और कैगिसो रबाडा (3/44) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम के सात बल्लेबाज स्कोर में मात्र 73 रन जोड़ सके। एलेक्स कैरी की शानदार 43 रनों की पारी ने टीम को संभाला जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी की तुलना में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में दूसरे दिन सुबह 43 रन पर चार विकेट से आगे खेलते हुये पूरी टीम 138 रन पर सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट लिए, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट भी शामिल है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज



● 369 के जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट पर 374 रन बनाकर मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्काटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्काटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जार्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्काटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्काटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रास ने 59 रन बनाए। स्काटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया।

## भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं। गंभीर फैमिली इमरजेंसी के कारण इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। भारतीय टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर टीम के बाकी खिलाड़ियों के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना हुए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## मेहंदी हसन मिराज बांग्लादेश के वनडे कप्तान नियुक्त

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे।

मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा कि हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। वह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

# मिशेल स्टार्क ने दिखाया दम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन

● ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रना का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया



**लंदन, वार्ता।** मिशेल स्टार्क (58 नाबाद) और जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त की और पहली पारी की लीड को जोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लार्डस की पिच पर आज सुबह आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलने मैदान पर उतरे स्टार्क और नाथन लियोन की जोड़ी को कैगिसो रबाडा ने जल्द ही तोड़ दिया जब लियोन अपने दो रन के निजी स्कोर पर पगबा. धा करार दिये गए। उस समय लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जल्द ही सिमट जायेगी मगर नये बल्लेबाज हेजलवुड के साथ स्टार्क ने मैदान पर रंग जमाया और दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। भोजनावकाश से ठीक पहले हेजलवुड एडन मारक्रम का शिकार बन गए। पवेलियन में अविजित लौटे स्टार्क ने अपनी अर्द्धशतकीय नाबाद पारी में 136 गेंदो का सामना किया और पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अब 282 रनो के लक्ष्य को भेदना होगा।

## कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत की राइफल शूटर सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और इजाफा किया। 23 वर्षीय शूटर ने इससे पहले 2022 एशियाई खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ इतिहास रचा था। उन्होने फाइनल के दौरान दृढ़ता का परिचय दिया और 453-1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के बीच उच्च दबाव वाले मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। नीलिंग और प्रोन राउंड के बाद लीडरबोर्ड के बीच में होने के बावजूद, समरा ने स्टैंडिंग सीरीज़ में जबरदस्त धैर्य और निरंतरता दिखाई। अच्छी तरह से समयबद्ध 10 की उनकी श्रृंखला ने उन्हें रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया।4 वे स्विट्जरलैंड की रजत पदक विजेता एमिली जैगी (464-8) से केवल 0-9 अंक पीछे रहीं। नॉर्वे की दो बार की ओलंपियन जीनेट हेग ड्यूस्टैड ने स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 466-9 का शानदार स्कोर बनाया। इस साल विश्व कप प्रतियोगिता में यह समरा का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और पिछले साल म्यूनिख में भी कांस्य पदक जीता था। इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में समरा 592 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। साथी भारतीय आशी चौकसे (589) और अंजुम (586) क्रमशः 11वें और 27वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

## कमिंस 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल

**लार्डस, वार्ता।** क्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल मैच के दूसरे दिन छह विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपना नाम करियर में 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया। कमिंस ने 18-1 ओवरों में 28 रन देकर छह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया विकेट चटकाए। कमिंस टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने वाले 40वें गेंदबाज़ हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह कारनामा करने वाले वह आठवें गेंदबाज़ हैं। तेज़ गेंदबाज़ों की अगर बात करें तो वह 300 विकेट हासिल करने वाले 30वें और ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज़ हैं। वह गेंदों के लिहाज़ से 300 विकेट तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज़ गें. दबाज़ हैं। उन्होंने 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13,725 गेंदें ली। इस तालि. का में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा शीर्ष पर है जिन्होने 300 विकेट की उपलब्धि 11817 गेंद खर्च कर हासिल किये थे। कमिंस ने सबसे तेज़ 300 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से 10वां गेंदबाज़ बनते हुए इमरान खान की बराबरी कर ली। दोनों ने 68 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में इस मैच से पहले कुल 184 विकेट लिए थे। जेसन गिलेस्पी, मिचेल जॉनसन, डेनिस लिली, ब्रेट ली, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्ग्रा उनसे इस मामले में आगे हैं लेकिन इन में से किसी भी गेंदबाज़ की औसत कमिंस के 18-09 की औसत से बेहतर नहीं है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत

## दो गंभीर, लक्सर क्षेत्र में अलग-अगल गांवों में हुआ दर्दनाक हादसा, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने सेदो महिलाओं की मौत हो गई दो गंभीर हैं। यह दो अलग-अलग गांव में हादसे हुए मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं और पुलिस ने उनके शवों को पीएम के लिए भिजवाया है। वही गंभीर घायलों को अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शुक्रवार को सुबह अचानक मौसम ने करवट ली और भारी बारिश के साथ आसमानी बिजली गिरने से दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। हुसैनपुर गांव में खेत में काम कर रही एक महिला पर बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान भोली पत्नी पवन के रूप में हुई है जबकि अन्य दो महिला भी घायल हो गई जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान पति पोपिंदर के मुताबिक इसी खेत में बिजली की चपेट में आने से दो अन्य महिला भी घायल हो गई,



जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा वहीं जैनपुर गांव में भी एक 22 वर्षीय युवक भी बिजली की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हुसैनपुर गांव निवासी एक महिला खेत में काम कर रही थी। तभी तेज गरज और चमक के साथ आसमानी बिजली गिरी और महिला इसकी चपेट

❖शुक्रवार को सुबह-सुबह जनपद में कई जगह भारी बारिश के साथ खूब चमकी आसमानी बिजली, मौसम में राहत

में आ गई। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिजली की चपेट में आने से घायल अन्य दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन की ओर से नियमानुसार प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उधर जैनपुर गांव में भी 22 वर्षीय शाहबाज पुत्र इरसाद नामक युवक पर बिजली गिरने की जानकारी सामने आई है। युवक भी गांव से सटे खेतों में काम कर रहा था। हालांकि परिजनों ने इस हादसे की सूचना प्रशासन को नहीं दी। दोनों हादसों के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता और सुरक्षा के उपाय उपलब्ध कराए जाएं।

# मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के रहमतपुर गांव में एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर व लाखों रुपये की नगदी चोरी कर ली है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी रोबिन ने तहरीर देकर बताया कि वह 11 जून को वह अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। वहां से वह लक्सर अपनी रिश्तेदारी में चला गया। घर पर उसके भाई ओर भाभी थे। वह भी 12 जून की सुबह के समय मकान का ताला लगाकर अपनी ड्यूटी पर पतंजली चले गए। जैसे ही वह शाम को अपने घर पर पहुंचा तो देखा मेन गेट का ताला टूटा हुआ है।घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी के भी शीशे टूटे हुए है। ओर बेड में तोडफोड कर रखी है।साथ ही सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने उसके ओर उसकी पत्नी के करीब एक लाख रुपए की नगदी सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए है। उसके कमरे के बराबर उसके भाई पंकज का भी कमरा है। उसके कमरे से भी चोरों ने सोने चांदी के जेवर ओर 54 हजार की नगदी चोरी कर ली है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर

# मंगलौर कोतवाली में सर्व समाज के साथ वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** आगामी कांवड़ मेले की तैयारियों और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मंगलौर कोतवाली में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंगलौर कोतवाल शांति कुमार के नेतृत्व में की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपनी योजनाओं को साझा किया। जल भराव की स्थिति से निपटने और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मेले के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों से भी अपील की गई



कि वे प्रशासन का सहयोग करें और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में मदद करें। इस दौरान चित्रगुप्त, नवीन चौहान, हेमदत्त भारद्वाज, मोहिद्दीन, चिंटू, मोहित, अंकित, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## कलियर नपं अध्यक्ष ने उत्तरीखण्ड गंगनहर के अधिशासी अभियंता को पत्र देकर

# गंगनहर के घाट पर चौकीदार व नहर के आर-पार चेन लगाने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की अध्यक्ष समीना सलीम व चैयरमैन प्रतिनिधि सलीम प्रधान ने उत्तरीखण्ड गंगनहर के अधिशासी अभियंता को पत्र देकर कलियर में आए दिन हो रही जायरीनों के डूबने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलियर गंगनहर के घाट पर चौकीदार व नहर के आरपार चेन लगाने की मांग की है।

पिरान कलियर में आए दिन गंगनहर के घाट पर स्नान करते समय जायरीनों के डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पंचायत पिरान कलियर की अध्यक्ष समीना सलीम ने उत्तरीखण्ड गंगनहर रुड़की के अधिशासी अभियंता को एक पत्र देकर बताया कि कलियर क्षेत्रान्तर्गत एंव धनौरी नीले पुल के पास के गंगनहर घाटों पर नहाते समय जायरीनों के डूबने की घटना हो रही है। उन्होंने नगर पंचायत के ईओ के साथ मिलकर गंगनहर पिरान कलियर एंव गंगनहर नीला पुल धनौरी का संयुक्त निरीक्षण किया गया है। जिसके बाद उक्त दोनों स्थलों के घाटो पर चौकीदार व नहर के आरपार चेन लगाई जानी आवश्यक है। जिससे गंगनहर के घाट पर स्नान करने वाले जायरीनों को डूबने से बचाया जा सके। उन्होंने पत्र में मांग की



है कि पहले से घाटों में स्थापित की गई लोहे की रैलिंग पर उपर एंव नीचे लोहे का जाल लगाया जाना आवश्यक है। नहर के दोनो घाटों को जोडते हुए एक लोहे के तार को लटकती हुई चौन नहर के आर पर लगाए जाने। ओर नहर के दोनो घाटों व धनौरी नीले पुल के पास दो दो चौकीदारों की तैनाती कराई जाने की मांग की है।ताकि भविष्य में पैर फिसलकर डूबने से होने वाली मृत्यु से सम्बंधित दुर्घटनाओं से आमजन को बचाया जा सकेगा। जनहित के मद्देनजर एंव होने वाली जनहानि से सुरक्षा को लेकर इन कार्यो को कराने की मांग की है।

## बीएसएम महाविद्यालय में छात्रों को नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

# नशा मुक्ति से ही बन सकता है खुशहाल जीवनः गौतम वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत शिक्षक, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने नशीली पदार्थों के सेवन व तस्करी से स्वयं को दूर रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजनीति विभाग के डॉक्टर राजेश पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई।



महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर प्रोफेसर गौतम वीर ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति छात्र-छात्राओं को सावधान किया। उन्होंने बताया कि इसके प्रति महाविद्यालय लगातार कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान का लक्ष्य एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है जहां हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके। नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने नशीली दवाओं व अवैध तस्करी के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, नशा मुक्त व सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।एंटी ड्रग सेल समिति की सदस्य डॉक्टर सुनीता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया और उन्हें नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य भी बताया। एंटी ड्रग सेल समिति के सदस्य सुरजीत सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सबका एक ही नारा नशा मुक्त हो जीवन हमारा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉ अर्चना त्यागी, श्री अनूप कुमार शांडिल्य आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ कुमार, अनुज कुमार, समीर, विपिन कुमार, तजम्मुल खान,आंचल, मनीषा, सीमा, कपाली आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दी जमीन, आरोपी गिरफ्तार

**रुड़की।** थाना भगवानपुर पर 22 फरवरी 2023 को वादी नरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र बेगराम वर्मा निवासी कीर्तिनगर नई दिल्ली हाल निवासी केयर ऑफ बी०आर वर्मा रेड एण्ड हाउस दिल्ली हाईवे लाव्वा मोड के पास सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा सूचना दी कि सोनू आदि पर धोखाधड़ी कर फर्जी व्यक्ति दिखाकर कूटरचना कर वादी की जमीन को किसी अन्य व्यक्तियों को बेचने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग मे मुख्य आरोपी रविन्द्रपाल अरोड़ा पुत्र बरियाम सिह अरोडा निवासी बलजीतनगर थाना पटेलनगर सैन्ट्रल दिल्ली लगातार फरार चल रहा था,जिसको आज दिल्ली से पकड़ा गया पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक हुकम सिह,का0 संजीव यादव,का0उबैद उल्ला शामिल रहे।

# 21 जून को नेहरू स्टेडियम में होगा योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 21 जून विश्व योग दिवस के 11वें वर्ष के उपलक्ष में पतंजलि योग पीठ, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति की योग शिविर जो नेहरू स्टेडियम में होना है को भव्य रुप में आयोजित करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा किविश्व योग दिवस पर लोगों को निरोगी बनाने के लिए 21जून को 5 बजे नेहरू स्टेडियम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर हुक्म सिंह बिष्ट, योगम्बर सिंह रौथाण, ललन प्रसाद यादव, सुन्दर सिंह कार्की, आनन्द प्रकाश धीमान,नरेश कुमार, कविता रावत, मास्टर दिवेश रावत,पुष्पा ऐठानी, अनिल कुमार शर्मा, दिगम्बर सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।श्री काला जी ने कहा कि अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के अन्तर्गत आने वाली सभी कालोनियों की महिलाओं के लिए सुबह 4.30 बजे बस शिब चौक बुचड़ी फाटक से नेहरू स्टेडियम के लिए प्रस्थान करेगी सभी 4.30 बजे तक शिव चौक पर पहुंचने का कष्ट करें। जिससे समय पर पहुंचकर स्थान सुरक्षित किया जा सके।

# गंगनहर में डूबकर लापता पिता-पुत्र का शव बरामद

## आसफनगर झाल से मिले शव, बच्ची की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** तीन दिन पहले कलियर-धनौरी गंगनहर में डूबकर लापता हुए पिता-पुत्र का शव आसफनगर झाल से बरामद हुआ है। बच्ची की तलाश की जा रही है।

यूपी के जिला रामपुर थाना सिविल लाइन मोहल्ला पंजाब नगर निवासी मेहंदी हसन (40) उनका बेटा तौफीक (15) बेटी तुबा (10) मंगलवार को कलियर घूमने के लिए आए हुए थे। वह किराए के कमरे में रह रहे थे। बुधवार को वह धनौरी बावन दर्रा घूमने के लिए गए थे। वहां से लौटते समय गंगनहर में पैर डालकर बैठ गए। इसी दौरान बेटे तौफीक का अचानक पैर फिसल गया वह गंगनहर के तेज बहाव में बहने लगा। बेटे को बचाने के लिए पिता भी नहर में कूद गए। पिता भी लापता हो गए। इसके बाद बेटी तुबा का संतुलन बिगड़ने से वह भी गंगनहर में गिर गई। तीनों लापता हो गए थे। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि गंगनहर में डूबकर लापता मेहंदी हसन और उसके पुत्र तौफीक का शव मंगलौर आसफनगर झाल से बरामद हुआ है।

# संपत्ति हड़पने को मेरा भाई कर सकता है मेरी व माता की हत्या : रवि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कसबा निवासी रवि सरवलिया ने बताया कि मेरे भाई प्रवीण कुमार से मेरी व मेरी मां की जान को खतरा बना हुआ है वह कभी भी हमारी संपत्ति हड़पने के लिए हम दोनों मां बेटे की हत्या कर सकता है। रवि ने कहा प्रवीण कुमार द्वारा मुझे गोली मारी गई थी जिससे मैं जिंदगी भर के लिए दिव्यांग हो गया और हमेशा के लिए व्हीलचेयर पर आश्रित हो गया जिसमे प्रवीण कुमार जेल में भी रहा है। प्रवीण मेरी संपत्ति और पैसे लेना चाहता है मेरी आजीविका साधन पिताजी द्वारा दी गई साइकिल की दुकान



है प्रवीण उस दुकान को बेचने की फिराक में है। उसने कहा मैं जिस घर में पलकर बड़ा हुआ हूं उस घर मैं ही रहूंगा। प्रवीण कुमार द्वारा दीगई धमकी की रिकॉर्डिंग मेरे पास है प्रवीण मुझे लक्सर बुलाने की कोशिश कर रहा है उसने कहा मेरे व मेरी मां के साथ कोई घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे भाई प्रवीण कुमार की होगी।

## चाय पीने गया चालक, वाहन उड़ा ले गए चोर

**रूडकी।** रुड़की तिराहे के पास खड़ा टूरिस्टर वाहन चोरी हो गया। वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लक्सर निवासी यशवंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास एक 15 सीटर टूरिस्टर वाहन है। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे चालक ने वाहन को नगर में रुड़की तिराहे के निकट खड़ा किया था। इसके बाद चालक चाय पीने के लिए चला गया। इसी बीच किसी ने उनका वाहन चोरी कर लिया। चाय पीकर चालक लौटा तो वाहन मौके पर नहीं था। इसपर चालक ने उन्हें जानकारी दी। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चलती कार का टायर फटा, चार कारें आपस में भिड़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन कस्बे में चलती कार का टायर फटने से पीछे आ रही तीन अन्य कारें आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में कार में सवार एक बच्चे सहित छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना शुक्रवार सुबह नारसन कस्बे में फुटओवर ब्रिज के पास हुई। अशोक विहार दिल्ली निवासी मोहित राघव अपने परिवार के सदस्यों मुस्कान, सुधीर, सिमा व वरदान के साथ कार से धनोल्टी जा रहे थे। जैसे ही वे नारसन कस्बे में फुट ओवरब्रिज से आगे निकले तो अचानक से दाईं तरफ का टायर फट गया। चालक नियंत्रण खो बैठा और बीच हाईवे पर तेजी से ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान ठीक पीछे चल रही तीन कारें एक-एक करके एक-दूसरे से जा भिड़ीं। कारों में सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आईं। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य कराया। अन्य तीन कारों में ये लोग थे सवार-अन्य तीन कारों में द्वारिका दिल्ली निवासी जीवन, प्रीति, अंजलि, प्रशांत को हल्की चोट, वैदिक बच्चे के सिर में चोटें आई हैं। ये लोग दिल्ली से ऋषिकेश जा रहे थे। वहीं दूसरी कार में सवार जहांगीरपुरी दिल्ली के विकास व खुशबू हरिद्वार जा रहे थे। इन्हें चोट नहीं आई है। इसके अलावा एक अन्य कार में सवार मथुरा मोतीकुंज निवासी रवि, यादराम, स्वतरी देवी, प्रेम सिंह व ब्रजलता को हल्की फुल्की चोट आई हैं। ये मथुरा से हरिद्वार जा रहे थे।

## अवैध खनन को लेकर जिलाधिकारी गंभीर, जिलेभर में सख्ती से निपटने के आदेश

# बंजारेवाला व लक्सर क्षेत्र में कई स्टोन क्रेशर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर/लक्सर।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कुर्सी संभालते ही अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए अपने अधीनस्थों को सख्त हिदायत दी है कि किसी भी हाल में अवैध खनन होने दिया जाए। इस पर अमल करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों ने भी लगातार खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को लक्सर क्षेत्र व भगवानपुरके बंजारे वाला क्षेत्र मेंकई स्टोन क्रूसो पर छापे मार कार्रवाई की जिसमें अनियमित पाए जाने पर कई स्टोन क्रशरों पर सील लगा दी गई तो एक के खिलाफ मुकदमा में दर्ज कराया गया है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्टोन क्रेशर द्वारा नियम विरुद्ध कार्य करने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए विगत दिवस देर सायं खनन विभाग को छापेमारी करने के निर्देश दिये। छापेमारी में पूर्व में सील किया गया एक स्टोन क्रेशर चलता पाया गया। इस पर क्रेशर स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दो क्रेशरों पर अनियमितता मिलने पर सील किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जनपद में अवैध खनन,भण्डारण के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा अवैध खनन भण्डारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलता रहेगा। सरकार को राजस्व की हानि पहुंचने वालों के विरूद्ध जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सख्ती से कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर उप जिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गुरूवार की देर रात्रि में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान हिमगंगे स्टोन क्रेशर जो कि पूर्व में सील किया गया था,क्रेशर सीलिंग के बावजूद चलाया जा रहा था। जिस पर क्रेशर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। गंगोत्री स्टोन क्रेशर तथा नारायण स्टोन क्रेशर में उप खनिज की मात्रा तथा अभिलेखों में दर्ज उपखनिज की मात्रा में भिन्नता तथा अन्य अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों को सील किया गया है। जिलाधिकारी ने



बताया कि जनपद में अवैध खनन,भण्डारण के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा अवैध खनन भण्डारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलता रहेगा तथा सरकार को राजस्व की हानि पहुंचने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। टीम में नायब तहसीलदार प्रताप सिंह,कानूनगो रमेश चंद्र तथा खनन विभाग के अधिकारी तथा चौकी इंचार्ज सुल्तानपुर शामिल थे। जिला खनन अधिकारी मौहम्मद काजिम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में खनन विभाग की टीम द्वारा तहसील हरिद्वार के बंजारावाला में अमित स्टोन क्रेशर द्वारा अवैध खनन की सूचना पर टीम द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान स्टोन क्रेशर में अवैध खनन पाये जाने पर स्टोन क्रेशर को सीज करते हुए अवैध खनन की पैमाईश करते हुए नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। खनन विभाग की ओर से छापेमारी में सर्वेक्षक विवेक कुमार,सहायक खनिज पर्यवेक्षक संदीप शामिल थे।

## दून एक्सप्रेस से कटकर ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रायसी रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची। मृतक के परिजन को सूचना देने के बाद उनकी मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुरादाबाद-सहारनपुर रेलखंड पर रायसी रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे एक व्यक्ति हावड़ा - देहरादून दून एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन से कटकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर जीआरपी थानाध्यक्ष संजय शर्मा मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान कन्नौज (41) निवासी ग्राम रायसी के रूप में हुई है। उसके परिजन को जानकारी दी गई। हादसे की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी मौके पर आ गए।

## सम्पादकीय

शनिवार, 14 जून 2025

# शांति की पहल को धक्का

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका काफी समय से व्यक्त की जा रही थी। ईरान को किसी भी हाल में परमाणु न बनाने देने की अपनी मुहिम के चलते इजरायल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेटों के साथ धावा बोल दिया। इस हमले में ईरान के सेना प्रमुख स्पेशल फॉर्स के चीफ दो बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत पांच बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद भी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वही अपनी पुरानी बात दोहराई और कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था इस पर हमला किया गया।

इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि इरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। जाहिर है जिस तरह ईरान के सेना प्रमुख व वैज्ञानिक मारे गए, जाहिर है उसके निशाने पर न्यूक्लियर प्लांट्स और बड़े मिल्ट्री अफसरों के रेजिडेंशियल कॉम्पलैक्स थे। इजरायल अपने इन हमलों को बेहद सफल बता रहा है और दावा कर रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब काफी पीछे धकेल दिया गया है। यूं तो ईरान ने भी पलटवार किया और सौ विस्फोटक ड्रोनों से इजरायल पर हमला बोला, लेकिन इजरायल का दावा है कि उसने अपने मजबूत डिफेंस के चलते इन हमलों को नाकाम कर दिया। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि इन हमलों की पहले से ही आशंका थी, लेकिन हाल–फिल्हाल ऐसा नहीं लग रहा था, उसका कारण भी था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ चल रही न्यूक्लियर वार्ता को लेकर काफी आशान्वित दिखाई दे रहे थे। ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि इजरायल तो ईरान पर हमला करने के लिए हर समय तैयार है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति उसे ऐसा न करने के लिए मना कर रहे हैं। इसलिए ऐसा मानने के लिए अच्छे भले कारण हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को वार्ता की गफलत में डालकर इजरायल से हमला करवा दिया। थोड़ी सी नानुकुर के बाद अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया कि इजरायल ने जो ईरान पर हमला किया है उसे उसकी पूरी तरह जानकारी थी। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान को चेतावनीभरे अंदाज में कहा भी कि अगर वह कठोर कार्रवाई से बचना चाहता है, तो वह अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए जितनी जल्दी तैयार हो जाए वह उसके लिए बेहतर है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान जरा भी पीछे हटने के संकेत नहीं दे रहा है और उसने साफ कर दिया है कि वह इजरायल के साथ युद्ध में अब किसी भी सीमा तक जाएगा और इजरायल पर हुए हमले का पूरी ताकत से जवाब देगा। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात भी की है। मोदी जी ने स्वयं अपने एक्स पर कहा है कि भारत ने ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता व्यक्त की है और मतभेदों को वार्ता के जरिये सुलझाने की सलाह दी है। अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां से बिगड़ी स्थिति किधर जाएगी, लेकिन इतना तो कहना ही पड़ेगा कि दिन–प्रतिदिन हालात अब बिगड़ते जा रहे हैं और कहीं से भी शांति की पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। अगर ईरान बड़ा हमला इजरायल पर करता है तो निश्चित रूप से स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

## दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन



जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है, इजरायल ने इसे पूर्व प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, यह दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन है, अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा, इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है, आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं, लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं, अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो ये तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है।

**–उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू–कश्मीर**

# रक्त की हर बूंद में छिपी होती है किसी घर की मुस्कान





**योगेश कुमार गोयल**

रक्तदान को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है लेकिन फिर भी यह विड़म्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते–समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार–प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है।

इस तरह की भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं किन्तु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलो से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में 3–4 बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थाई ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदाई रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी और तब पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब 7 फीसदी रक्त होता है और यदि हम उसमें से 3 फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2–3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स केवल 5 दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं। रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं, भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2–3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश की कुल आबादी के लिहाज से देखें और यह मानकर चलें कि एक व्यक्ति साल में केवल एक बार ही रक्तदान करता है तो भी इसका अर्थ है कि महज आधा फीसदी लोग ही रक्तदान करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरण अभियान चलाया जाए। अपने रक्त से एक अनमोल जीवन बचाकर जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है, साथ ही हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र भी रक्तदान से मजबूत होता है। स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जान बचाकर जहां मानसिक खुशी मिलती है, वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति का एक रक्तदाता कार्ड भी बना दिया जाता है, जिसका लाभ यह होता है कि यदि उसे या उसके किसी परिजन को सालभर के अंदर कभी रक्त की जरूरत पड़ जाती है तो वह इस रक्तदाता कार्ड के जरिए एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीम करौली बाबा को अर्पित कंबल का महत्व

**कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं।**

**अफजल हुसैन फौजी**



आस्था व श्रद्धा का प्रतीक कैंची धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां देश–विदेश से लाखों भक्त नीम करौली बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। बाबा की अलौकिक उपस्थिति और चमत्कारों की कहानियों से जुड़ा यह स्थान भक्तों के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जनसामान्य के साथ फिल्मी जगत, राजनीति, खेल जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुकी हैं।

कैंची धाम में विशेष तौर पर नीम करौली बाबा को कम्बल चढ़ाने की परंपरा बेहद लोकप्रिय है। दूर दूर से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा को कंबल चढ़ाते हैं। इसका कारण है कि नीम करौली बाबा को कंबल अत्यंत प्रिय थे और बाबा अपने शरीर में सिर्फ धोती और कंबल ओढ़ते थे। बाबा गरीबों को भी कंबल दान करने और भोजन करवाने की सलाह देते थे, यही कारण है कि आज भी बाबा को श्रद्धा से भक्तों द्वारा कम्बल चढ़ाया जाता है।

**कम्बल के अनेक चमत्कार**

कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर भी बाबा को कंबल चढ़ाते हैं।

**बीमारों का कम्बल से उपचार**

मान्यता है कि यदि घर में कोई बीमार व्यक्ति हो, और उसे पूरे श्रद्धा भाव से यह कंबल ओढ़ाया जाए, तो उसे रोगों से मुक्ति मिल सकती है। यही कारण है कि भक्तों की आस्था इस कंबल से जुड़ी हुई है। बाबा के कम्बल को घर में पूजा वाली जगह यां फिर शुद्ध स्थान पर रखा जाता है।

कैंची धाम के आस–पास की दुकानों में आपको कई तरह के कंबल बिकते हुए नजर आ जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु बाबा को अर्पित करने के लिए खरीदते हैं। यह परंपरा न केवल बाबा की स्मृति से जुड़ी है, बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का जीता–जागता प्रतीक भी है। इस प्रकार बाबा का कंबल आज भी हजारों लोगों के लिए बाबा के प्रति आस्था का माध्यम बना हुआ है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मंदिरों में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन बंद हों



**ललित गर्ग**

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद काशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ 21 लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वहीं ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है।



देश–विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। काशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा–चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन–आस्था आहत न हो।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या काशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन–आस्था की भीड़ एवं लम्बी–लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिए सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।

दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गए हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए–नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नए सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिन: टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कि आखरि यह सब कैसे हो गया। इससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। कल का दिन टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। समूह अध्यक्ष ने लोगों को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा हम यहां उनकी मदद के लिए हैं। पिछले 24 घंटों में भारत, ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंच चुके हैं।

# अमेरिका ने ईरान को दी खुली चुनौती

## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मैंने ईरान को समझौता करने के लिए एक के बाद एक मौका दिया लेकिन उसने बात नहीं मानी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर समझौता नहीं करता है तो विनाश जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि अब भी समय है कि इस कत्लेआम और विनाश को रोकने के लिए समझौता किया जाए। ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के खिलाफ इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' की सफलता के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इजरायल की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी और इजरायल की रक्षा करेंगे। अमेरिका इजरायल को दिए गए आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल बढ़ा रहा है ताकि संभावित बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला किया जा सके। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके जेट विमानों ने पहले चरण का हमला पूरा कर लिया है, जिसमें ईरान के विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु ठिकानों सहित कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए।

## ईरान पर हमला इजरायल के अस्तित्व की लड़ाई

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान के खिलाफ किए गए अपने हमलों को देश के अस्तित्व की लड़ाई बताते हुए कहा है कि वह ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के सैन्य खुफिया निदेशालय (अमन) के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिंदर ने आज कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए परिचालन तत्परता के उच्चतम स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को कम करना, बाधित करना और हटाना चाहते हैं। हम एक ऐसे अभियान पर निकल पड़े हैं जो अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा है। यह एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ है जो हमें नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'अमन' ने विभिन्न परमाणु हथियार समूह के विकास मुद्दों पर काम करने के ईरान के गुप्त प्रयासों का पता लगाने और बाधित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के संबंध में ईरान की गुप्त प्रगति का पता लगाने के लिए और भी कड़ी मेहनत की। इजरायली हमलों में ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा है। यह हमला ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रमों पर आईडीएफ द्वारा 2023 में ईरानी केंद्रों को निशाना बनाने के बाद से सबसे तीव्र और सावधानीपूर्वक समन्वित हमलों में से है।

## चीन: तूफान 'वुटिप' में फंसे जहाज के चालक दल के सदस्य बचाए गए

**सान्या।** दक्षिण चीन के द्वीप प्रांत हैनान में तूफान 'वुटिप' में फंसे एक जहाज के चालक दल के 12 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली थी कि हैनान के दक्षिण-पश्चिमी तट से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 26 किलोमीटर) दूर एक जहाज पर मौजूद 12 लोग तूफान में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे रवाना हुआ और रात करीब 11:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचा जहां तीन मीटर ऊंची लहरें उठ रही थीं। करीब 43 मिनट के भीतर सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर तक सभी के सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि तूफान वुटिप कल रात करीब आठ बजे एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। तूफान आज सुबह 10 बजे तक हैनान के लेदोंग ली स्वायत्त काउंटी के पास स्थित था। वहां हवा की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर सान्या में सभी किंडरगार्टन, स्कूल, निर्माण स्थल और पर्यटक आकर्षण स्थल बंद कर दिये गए हैं।

**अहमदाबाद विमान हादसा**



अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के रिश्तेदार एक अस्पताल के बाहर विलाप करते हुए।

## गाजा में इंटरनेट ठप होने से मानवीय सहायता बाधित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पूरी तरह से बाधित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने बताया कि संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा 'गंभीर सैन्य गति विधियों' के कारण उत्पन्न हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है। संयुक्त राष्ट्र ने जून की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि यदि ईंधन की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो उन्हें गाज़ा में सहायता कार्य रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया।

## अमेरिकी टैरिफ लगने से अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ने का अंदेशा: द. कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने तथा घरेलू मांग में देरी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय ने ग्रीन बुक नामक अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगने के कारण बाहरी परिस्थितियों के बिगड़ने के कारण दक्षिण कोरिया अर्थव्यवस्था पर निर्यात में कमी आने पर नकारात्मक दबाव पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था को खपत और निर्माण निवेश में देरी से सुधार का सामना करना पड़ रहा है और खासकर कमजोर समूहों के लिए रोजगार की समस्या भी बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है क्योंकि टैरिफ लगाने से व्यापार पर असर पड़ता है और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले की तुलना में मई में निर्यात में 1.3 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन दैनिक औसत निर्यात में 1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री में मार्च की तुलना में अप्रैल में 0.9 प्रतिशत घटी और निर्माण निवेश उसी महीने में 0.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में नौकरियों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 245,000 बढ़ी, जबकि बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत अंक गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई। मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

**मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9% की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1% वृद्धि से कम है**

## कारगिल के शूरवीरों को श्रद्धांजलि के लिए तोलोलिंग चोटी पर सेना का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध में तोलोलिंग की ऐतिहासिक लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए तोलोलिंग चोटी पर एक विशेष अभियान चलाया है। यह अभियान सेना की 'फॉरएवर इन ऑपरेशन्स डिवीजन' ने 11 जून को चलाया। द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से रवाना हुए इस अभियान दल ने उन सैनिकों की अटूट भावना और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

## ट्रम्प की मुसीबत: नेशनल गार्ड का नियंत्रण वापस करने का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने गुरुवार देर रात एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प द्वारा लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और अमेरिकी मरीन की तैनाती अवैध थी।

यह दसवें संशोधन का उल्लंघन और वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण था। आदेश शुक्रवार को दोपहर से प्रभावी होगा। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि ट्रम्प ने आव्रजन कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन के बाद लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने उनकी इच्छा के विरुद्ध हुई नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुक़दमा दायर किया। कैलिफोर्निया ने बाद में एक आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया जिसमें न्यायाधीश से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने के लिए कहा गया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश ब्रेयर का प्रतिबंधात्मक आदेश अमेरिकी शहर की सड़कों पर हजारों नेशनल गार्ड तैनात करने के राष्ट्रपति के प्रयास के खिलाफ है। ये एक ऐसा प्रयास था जिसकी वजह से पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक विद्रोह का माहौल है और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।




लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले जानकारी थी: ट्रम्प

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है। हम फिर से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या होता है। नेतृत्व में कई ऐसे लोग हैं जो वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमलों के जवाब में कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका खुद को और इजरायल को बचाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### मेक्सिको ने अमेरिका के आव्रजन छापों का फिर से किया विरोध

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में चल रहे आव्रजन छापों का विरोध दोहराया है तथा कहा कि इस तरह की कार्रवाई अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल हैं। सुशिनबाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ अपनी बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया। राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि दोनों ने अपराध, आव्रजन, व्यापार और 'हमारे प्रवासी भाइयों और बहनों की रक्षा' सहित कई मुद्दों पर बात की।

### कुवैत ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचाया

**कुवैत सिटी।** कुवैत की ऑयल टैंकर कंपनी के एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे चालीस शरणार्थियों को बचा लिया है। ऑयल टैंकर कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचा लिया है। कंपनी ने बताया कि शरणार्थियों की नाव टूट गई थी। कुवैत समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसके जहाज अल-दसमा ने मंगलवार को एक संकट कॉल का जवाब दिया।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन शनिवार को

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद कर रही है।

सम्मेलन में बहरीन, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिकता की होगी, क्योंकि यह देश भर में योग अभियानों की पहुंच।

## ईरान ने दिखाया आईएईए को ठेंगा

**बड़ा नया परमाणु कदम उठाया, आईएईए की फटकार के बाद भी तीसरी एनरिचमेंट साइट शुरू करने का ऐलान**

**ईरान के नातांज यूरेनियम संवर्धन संयंत्र को इजरायली हमलों से पहुंचा नुकसान: आईएईए महानिदेशक का दावा**

**वियना (आस्ट्रिया)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ी घोषणा की है। इसके तहत ईरान ने कहा है कि उसने तीसरी परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) सुविधा तैयार कर ली है और जल्द ही इसे शुरू करेगा।

यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की तरफ से ईरान को नान-प्रोलिफरेशन संधियों का उल्लंघन करने पर फटकार लगाने के ठीक बाद किया गया है। मामले में आईएईए ने ईरान पर आरोप लगाया है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने परमाणु कार्यक्रम की पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। यह चेतावनी 20 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। आईएईए ने अपने मसौदा प्रस्ताव में कहा है कि ईरान 2019 से कई बार आईएईए के साथ पूरी और समय पर जानकारी साझा करने में असफल रहा है, जो उसके परमाणु समझौते का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस मामले में अगली कार्रवाई करनी पड़ सकती है, जिसमें ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

हालांकि आईएईए ने बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन भी किया है। बता दें कि आईएईए बोर्ड की बैठक में 35 देशों में से 19 ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने यह प्रस्ताव रखा था। वहीं रूस, चीन और बुर्किना फासो ने विरोध किया। 11 देशों ने मतदान से दूरी बनाई और 2 ने वोट नहीं दिया। वहीं इन सभी फटकार और चेतावनी के बावजूद ईरान ने जवाबी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस राजनीतिक प्रस्ताव का जवाब देना अब ईरान के लिए जरूरी हो गया है। साथ ही ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि आईएईए के प्रस्ताव के बाद उन्होंने एजेंसी को सूचित कर दिया है कि ईरान कौन-कौन से कदम उठाएगा। ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ईरान कुछ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। जिसमें तीसरा संवर्धन साइट शुरू करना, जिसे सुरक्षित और अजेय स्थान पर बताया गया है। पुराने सेंट्रीफ्यूज को नए, आधुनिक सेंट्रीफ्यूज से बदलना, जिससे यूरेनियम संवर्धन की मात्रा काफी बढ़ जाएगी। अन्य कई जवाबी उपायों की तैयारी भी चल रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि ईरान से समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका या इज़ा. इल ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले कर सकते हैं। वहीं आईएईए के महानिदेशक रफायेल एम ग्रॉसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल के ताजा हमले से उसके नातांज़ स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर असर पड़ा है, लेकिन वहां विकिरण के स्तर में वृद्धि नहीं हुई है।

## दक्षिण अफ्रीका: बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 हुई

**अब तक केवल 21 शवों की हो पाई है पहचान**

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है जिनमें से अब तक केवल 21 शवों की पहचान की जा सकी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कल शाम एसएबीसी न्यूज चैनल से कहा कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि हम एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी कम होने पर और शव मिलने की आशंका है। राहत की बात यह है कि हमारे पास खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी हैं। गौरतलब है कि प्रांत के कई जिलों में भारी बारी के कारण सोमवार को बाढ़ आने से सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए। पूर्वी केप प्रांतीय सरकार के अनुसार बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहा है। प्रभावित जिलों में दो हेलीकॉप्टर, खोज और बचाव वाहन, पुलिस श्वान और तकनीकी बचाव दल तैनात किए गए हैं। मंत्री ने लोगों से अधिकारियों को लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट करके सहायता करने का भी आग्रह किया है।



## सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे कपूर का कल इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वह 53 वर्ष के थे। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे अध्यक्ष का इंग्लैंड में निधन हो गया है। कंपनी ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता, कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता और उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक गतिशीलता प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जुनून, दूरदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता ने उन सभी को प्रेरित किया जिन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कंपनी ने कहा कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे, कपूर एक समर्पित पिता, कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और भारत के विनिर्माण और गतिशीलता क्षेत्रों के लिए एक अथक अधिवक्ता थे। उनके नुकसान को पूरे उद्योग और उनके परिवार में गहराई से महसूस किया गया है। इस बीच सोना बी एल इ डब्ल्यू प्रेसिजन फोर्जिंग लिमिटेड ने बीएसई के नियामक फाइलिंग में भी यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि संजय एक दूरदर्शी नेता और दयालु व्यक्ति थे जिनके मार्गदर्शन ने सोना कॉमस्टार की सफलता को आकार दिया।

